दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। बुधवार 27 अगस्त-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 248 पेज-10 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3








# ट्रंप के टैरिफ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की हाई लेवल मीटिंग



## अमित शाह, पीयूष गोयल समेत कई बड़े मंत्री शामिल

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ वॉर को लेकर एक अहम बैठक कर रहे हैं। यह बैठक प्रधानमंत्री कार्यालय में हो रही है। बैठक में गृहमंत्री अमित शाह और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल समेत कई बड़े अधिकारी शामिल हैं। अमेरिका ने भारत से आने वाले सामान पर 50% टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। इसी को लेकर यह मीटिंग हो रही है।

अमेरिका ने भारत से आयात होने वाले सामान पर 50% टैरिफ लगाने का फैसला किया है। इस बारे में अमेरिका ने एक नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया है। इसी वजह से प्रधानमंत्री मोदी एक बड़ी बैठक कर रहे हैं। बैठक में वाणिज्य और वित्त मंत्रालय के कई बड़े अधिकारी भी हैं। 30 जुलाई को राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत पर 25% अतिरिक्त टैक्स लगाने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था, 'याद रखें, भारत हमारा दोस्त है, लेकिन हमने उनके साथ ज्यादा व्यापार नहीं किया है, क्योंकि उनके टैक्स बहुत ज्यादा हैं, वे दुनिया में सबसे ज्यादा टैक्स लगाने वाले देशों में से एक हैं, उनके पास व्यापार में रुकावट डालने वाले कई तरीके हैं।'

# नौसेना का हिस्सा बने आईएनएस उदयगिरि-हिमगिरि

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बोले- आत्मनिर्भर भारत का सपना हुआ साकार



**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना की ताकत लगातार बढ़ रही है। विशाखापत्तनम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आईएनएस उदयगिरि और आईएनएस हिमगिरि को नौसेना में शामिल किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि दोनों युद्धपोतों के नौसेना में शामिल होने से स्पष्ट है कि आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार हुआ है। भारतीय नौसेना की ताकत बढ़ी है। भारतीय नौसेना न केवल तटीय क्षेत्रों की रक्षा करती है, बल्कि हिंद महासागर क्षेत्र में शांति और समृद्धि भी बनाए रखती है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आईएनएस उदयगिरि और आईएनएस हिमगिरि का जलावतरण हमारी दूरदर्शिता और प्रतिबद्धता का भी प्रमाण है। मैं इस अवसर पर भारतीय नौसेना को बधाई देता हूं। गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) द्वारा निर्मित आईएनएस

शेष, पृष्ठ 2

# कार्यकारिणी चुनाव से पहले हो गई चार पार्षदों की संगठन से कंप्लेंट

## की है डिमांड, चारों का लिया जाए अनुशासन वाली कार्यवाही का रिमांड




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम कार्यकारिणी का चुनाव होना है और 100 पार्षदों वाले सदन में चुनाव से पहले घमासान मच गया है। पार्षदों ने मंगलवार को निगम पार्षद कक्ष में एक बैठक की और यहां उन्होंने विचार-विमर्श किया। इससे पहले पार्षद बोर्ड मिनट्स को लेकर धरना दे चुके हैं। सूत्र बताते हैं कि चार पार्षदों की शिकायत महानगर अध्यक्ष से की गई है। लेटर का पूरा मेटर बाहर आ गया है। संगठन स्तर पर जो शिकायत हुई है उसमें अभी यह नहीं बताया गया है कि ये शिकायत किसी जनप्रतिनिधि ने की है या संगठन के बड़े पदाधिकारी ने की है या फिर कोई पार्षद है।

इसको लेकर सस्पेंस है, लेकिन शिकायत हुई है और इस शिकायत में चार पार्षदों का नाम है। जिनमें पार्षद नीरज गोयल, पार्षद गौरव सोलंकी, पार्षद हिमांशु शर्मा और पूर्व पार्षद मनोज गोयल का नाम है। शिकायत वाले पत्र में 30 जून की बैठक का हवाला दिया गया है। कहा गया है कि सर्वसम्मति से बढ़ा हुआ कर निरस्त किया गया था। दो माह में सभी संपत्तियों पर सर्वे पूरा करने की बात थी, लेकिन चार जुलाई को इन चारों पार्षदों ने एक बैठक कर सदन सचिव को पत्र भेज दिया। जिसमें दस दिन के अंदर बैठक के मिनट्स मांगे गए और फिर 18 जुलाई को इन पार्षदों के उकसाने पर नगर निगम मुख्यालय में कुछ पार्षदों ने ग्राउंड फ्लोर पर बैठकर तीन दिवस तक दिन-रात रूप से तथाकथित धरना प्रदर्शन किया। इनमें से कुछ पार्षदगणों ने तथाकथित व्यापारी नेताओं से धरना प्रदर्शन हेतु समर्थन मांगा, जिस पर व्यापारी नेता भी नगर निगम मुख्यालय पहुंचकर भाषणबाजी व नारेबाजी करने लगे।

पत्र में भाजपा पार्षदों द्वारा पार्टी सदस्य होने के नाते धरना प्रदर्शन व नारेबाजी करना भाजपा सरकार के विरुद्ध है और अनुशासनहीनता के दायरे में आता है। शिकायत महानगर अध्यक्ष से की गई है और शिकायतकर्ता ने पार्षदों द्वारा धरना प्रदार्शन और नारेबाजी को अनशासनहीनता माना है और ये कहा है कि अगर इन पार्षदों पर अनुशासनहीनता की कार्यवाही नहीं होती है तो इसी प्रकार अन्य नगर निकायों में भी भाजपा पार्षद अनुशासनहीनता करेंगे जिससे पार्टी व सरकार की छवि धूमिल होगी। इस शिकायत की प्रतिलिपि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन और पश्चिम क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष को भी भेजी गई है।

## कार्यकारिणी चुनाव से पहले पार्षदों ने लगा दी फील्डिंग

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। इस बार पार्षद भी आर-पार की लड़ाई के मूड में नजर आ रहे हैं। वो अनुशासन की बात भी कर रहे हैं, लेकिन अगर सबकुछ फेयर नहीं हुआ तो फिर वो मोर्चा भी खोलेंगे। कार्यकारिणी चुनाव से पहले पार्षदों ने अपनी फील्डिंग सेट की। पार्षद निगम मुख्यालय में एकत्र हुए और यहां एक मुद्दा 30 जून की वो बैठक है जिसमें सर्वसम्मति से प्रस्ताव निरस्त हुआ और फिर वो पूरा घटनाक्रम है जब लोगों के पास बढ़ हुए टैक्स के मैसेज पहुंचे और पार्षदों के बार-बार मांगने के बाद भी उन्हें बोर्ड बैठक के मिनट्स नहीं दिये गये। इस बैठक में पार्षदों ने कहा कि कार्यकारिणी चुनाव का एजेंडा जब पार्षदों के पास भेजा जाता है तो उस एजेंडे के साथ हाल ही में हुई निगम बैठक के मिनट्स भी भेजे जाते हैं, लेकिन इस बार पार्षदों के पास कार्यकारिणी का एजेंडा तो भेजा गया है, लेकिन बैठक के मिनट्स नहीं भेजे गए हैं, ऐसा क्यों किया गया है। निगम पार्षद कक्ष में बैठक में इस बात पर चर्चा हुई है।

सूत्र बताते हैं कि पार्षदों ने भी स्पष्ट कर दिया कि कार्यकारिणी चुनाव में संगठित होकर काम करेंगे। टैक्स के मुद्दे पर विरोध रहेगा, चुनाव से पहले टैक्स पर बात होगी। सूत्र बताते हैं कि गुरुवार को फिर से एक बैठक पार्षद करने जा रहे हैं। यहां पर पार्षद भी पूरे सीन में ह्वेट एण्ड वॉचह्न के अंदाज में हैं। पार्षद भी ये संदेश दे चुके हैं कि अगर संगठन नाम देता है तो ठीक है नहीं तो फिर पार्षद अपना उम्मीदवार लेकर आएंगे। पार्षद टोला फिलहाल संगठन से जारी होने वाले नामों पर निगाह रख रहा है। पार्षद मोर्चा खोलने के मूड में भी नहीं है, लेकिन वो सरेंडर करने के मूड में भी नहीं है। सूत्र बताते हैं कि कार्यकारिणी चुनाव में मुख्य मुद्दा मिनट्स को लेकर रहेगा। हाउस टैक्स का मामला पूरी ताकत से उछलेगा और ये बात आएगी कि अगर टैक्स कम ही नहीं किया गया तो फिर जून वाली बैठक का फायदा क्या है। फिलहाल कार्यकारिणी गेम ह्वेट एण्ड वॉचह्न पर आ गया है।

# दूधेश्वर नाथ महादेव मंदिर में आज से गणपति महोत्सव

# श्रीमहंत नारायण गिरि कराएंगे गणेश प्रतिमा की स्थापना, 30 को शोभायात्रा संग विसर्जन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सिद्धपीठ श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर में इस वर्ष भी चार दिवसीय श्री दूधेश्वर गणपति लड्डू महोत्सव का आयोजन होगा। आज अभिजीत मुहूर्त में गणपति बप्पा की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। पीठाधीश्वर श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज प्राण-प्रतिष्ठा कर प्रतिमा को विराजमान कराएंगे और पूजा-अर्चना की शुरुआत करेंगे।



### श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर में प्रतिदिन की पूजा व्यवस्था

करंट क्राइम। महोत्सव के पहले दिन से 29 अगस्त तक प्रतिदिन प्रात: 10 से 12 बजे तक पंचोपचार पूजन, पंचामृत अभिषेक और गणेश अथर्वशीर्ष से महाभिषेक होगा। भगवान गणपति को सहस्रार्चन के तहत 1008 दूर्वा अर्पित की जाएंगी और 1100 लड्डुओं का भोग लगाया जाएगा। आरती के साथ प्रथम प्रहर का पूजन सम्पन्न होगा। सायंकाल पांच से सात बजे तक पूजन-अर्चन और रात्रि आठ से दस बजे तक भजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और नृत्य-नाटिका के आयोजन होंगे।

### शोभायात्रा और विसर्जन

करंट क्राइम। 30 अगस्त को गणपति बप्पा को रथ पर विराजमान कर मंदिर से शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में ढोल-ताशे, बैंड, डीजे और झांकियों के साथ भजन-कीर्तन होते हुए प्रसाद वितरण किया जाएगा। यह यात्रा शहर से होकर गुजरते हुए श्री दूधेश्वर घाट छोटा हरिद्वार मुरादनगर पहुंचेगी, जहां आरती और प्रसाद वितरण के बाद गणपति प्रतिमा का विधिवत विसर्जन किया जाएगा। पूरे वातावरण में गणपति बप्पा मोरया, अगले वर्ष तू जल्दी आ के जयघोष गूंजेंगे।

**आयोजन और जिम्मेदारियां :** सभी कार्यक्रमों का संचालन श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज के पावन सानिध्य व अध्यक्षता में होगा। आयोजन में श्री दूधेश्वर मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष धर्मपाल गर्ग और उपाध्यक्ष अनुज धर्म गर्ग का विशेष सहयोग रहेगा। व्यवस्था की जिम्मेदारी श्री दूधेश्वर शृंगार सेवा समिति के अध्यक्ष विजय मित्तल और समस्त दूधेश्वर परिवार की होगी।

# सांसद अतुल गर्ग के जन्मदिन पर गजब का जलवा दिया दिखाई

# भीड़ जुटी अपार और गृहमंत्री, रक्षामंत्री तथा दिल्ली की सीएम ने दी बधाई







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** अतुल गर्ग उत्तर प्रदेश के खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री रहे हैं। वो उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य एवं चिकित्सा मंत्री रहे हैं। प्रदेश के बाद अब उनका जलवा देश में दिखाई दे रहा है। वो विदेश दौरे पर सरकार की तरफ से देश का प्रतिनिधित्व करते हैं। वो दिल्ली चुनाव की कमान संभालते हैं तो दिल्ली में सरकार आ जाती है। वो सदस्यता अभियान की समीक्षा कमेटी में राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ हैं और राष्ट्रपति के साथ वो विदेश दौरे पर जा चुके हैं। विधायक से सांसद का सफर और इस सफर के बीच उनका कद, उनका जलवा दिखाई देता है।

सांसद अतुल गर्ग की पहली विशेषता ये है कि वो सरलता और सहजता को अपने व्यक्तित्व का अभिन्न हिस्सा बनाकर चलते हैं, लेकिन अब उनका जलवा है तो वो प्रदेश से लेकर देश तक दिखाई देता है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें एडवांस में जन्मदिन की बधाई दी और जब मंगलवार को सांसद अतुल गर्ग का जन्मदिन था तो उनके कविनगर स्थित आवास पर गजब का जलवा दिखाई दिया। गाजियाबाद के भाजपाई उन्हें बधाई देने पहुंचे।

समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने उन्हें बधाई दी और ये तब था जब अतुल गर्ग ने किसी विशेष आयोजन को नहीं किया था। कोई विशेष निमंत्रण नहीं दिये थे, लेकिन समर्थकों ने पहले ही माहौल बना लिया था और माहौल के बाद सांसद अतुल गर्ग की टीआरपी का भौकाल भी दिखाई दिया।

अतुल गर्ग भी बदले-बदले से अंदाज में नजर आए। बधाई देने पहुंचे लोगों को उन्होंने गले भी लगाया और रिटर्न गिफ्ट में फूलों का गुलदस्ता भी थमाया।

मेहमान नवाजी उनकी पहले से ही प्रसिद्ध है, लिहाजा ये बताने की जरूरत ही नहीं है कि घर पर पहुंचे मेहमानों के लिये उन्होंने स्वादिष्ट छोले-भटूरे, आलू-पूड़ी की सब्जी और खीर का इंतजाम किया था। अतुल गर्ग ने जन्मदिन पर बेहद खुशनुमा अंदाज में लोगों से मुलाकात की। बताया जाता है कि लोकसभा सांसद अतुल गर्ग को उनके जन्मदिन पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने भी बधाई दी।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग को दी जन्मदिन की बधाई



गाजियाबाद, करंट क्राइम। गाजियाबाद लोकसभा के सांसद अतुल गर्ग को उनके जन्मदिन (26 अगस्त) पर भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बधाई संदेश भेजा है। राष्ट्रपति ने 22 अगस्त को लिखे अपने पत्र में शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि ईश्वर अतुल गर्ग को स्वस्थ और प्रसन्न रखें तथा वे आने वाले वर्षों तक राष्ट्र की निरंतर एवं नि:स्वार्थ सेवा करते रहें। राष्ट्रपति के इस शुभकामना पत्र को सांसद के समर्थकों ने गाजियाबाद के लिए गौरव का विषय बताया है। स्थानीय कार्यकर्ताओं ने भी सांसद को अग्रिम जन्मदिन की बधाई देते हुए इसे जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का सम्मान माना।

### भगवा कमांडर ने डाल दिया वादे के अनुसार डेरा

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग और शहर विधायक संजीव शर्मा की ट्यूनिंग सब जानते हैं। जब संजीव शर्मा का जन्मदिन था तो अतुल गर्ग ने उन्हें अब तक का सबसे लोकप्रिय अध्यक्ष बताया। कहा जाता है कि जब शहर विधानसभा में उपचुनाव का समय आया तो अतुल गर्ग ने संजीव शर्मा का एक बड़े भाई और अभिभावक की तरह साथ निभाया। संजीव शर्मा को टिकट मिला और वो विधायक हैं। मुद्दा भले ही विधानसभा का हो, लेकिन संजीव शर्मा सांसद अतुल गर्ग की राय के बिना नहीं चलते। जन्मदिन पर भी रिश्तों की ये मिठास दिखाई दी। विधायक संजीव शर्मा ने सांसद अतुल गर्ग के आवास पर अपने वायदे के अुनसार सुबह ही डेरा डाल दिया। जन्मदिन की बधाई दी और वो लगभग दो घंटे तक यहां रहे। इसके बाद सरकारी कार्यक्रम के चलते उन्हें जाना पड़ा।

### मित्तल ब्रदर्स ने संभाली व्यवस्था

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सांसद आवास पर कार्यक्रम हो या दिल्ली निवास पर आयोजन हो व्यवस्था का जिम्मा सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र मित्तल मेदी वाले और उनके भाई संभालते हैं। जन्मदिन के अवसर पर भी सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र मित्तल और उनके भाई संजीव मित्तल के साथ अन्य मित्तल ब्रदर्स भी पूरी व्यवस्था संभाल रहे थे। खानपान की जिम्मेदारी को मित्तल ब्रदर्स की टीम ने पूरी जिम्मेदारी से संभाली हुई थी।

# जम्मू में लगातार खराब मौसम के कारण रोकी गई वैष्णो देवी यात्रा

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर में खराब मौसम के चलते माता वैष्णो देवी की यात्रा रोक दी गई है। कटरा के अर्धकुंवारी में लैंडस्लाइड हुआ है। जम्मू के कई हिस्सों में भारी बारिश की वजह से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। सोमवार देर रात से हो रही भारी और लगातार बारिश के बाद माता वैष्णो देवी के पवित्र मंदिर की तीर्थयात्रा को अस्थायी रूप से स्थगित कर दी गई। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के अधिकारियों के मुताबिक तेज बारिश के बाद सबसे पहले हिमकोटि रूट बंद किया गया। मौसम में सुधार न होने पर बोर्ड ने पूरी यात्रा को कुछ घंटों के लिए स्थगित करने का फैसला लिया।

श्राइन बोर्ड के एक प्रवक्ता ने कहा, ₹श्रद्धालुओं की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। स्थिति सामान्य होने पर वैष्णो देवी की यात्रा फिर से शुरू की जाएगी।₹ प्रशासन ने श्रद्धालुओं से किसी तरह के अफवाहों पर ध्यान न देने की बात कही है। साथ ही श्राइन बोर्ड के आधिकारिक माध्यमों से जारी अपडेट का पालन करने का आग्रह किया है।

## कटरा के अर्धकुंवारी में लैंडस्लाइड, कई हिस्सों में भारी बारिश





तेज बारिश के बाद सबसे पहले हिमकोटि रूट बंद किया गया

वहीं, भारी बारिश के कारण जलस्तर बढ़ने के कारण रावी नदी पर बने रंजीत सागर बांध के सभी द्वार खोल दिए गए हैं। डोडा, जम्मू, कठुआ, किश्तवाड़, सांबा और उधमपुर जिलों में 27 अगस्त सुबह 5:30 बजे तक मध्यम से तेज बाढ़ का खतरा बना हुआ है। निचले इलाके जलमग्न होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को सतर्क रहने और संवेदनशील क्षेत्रों में जाने से बचने की सलाह दी गई है।

# राहुल और तेजस्वी की 'वोटर अधिकार यात्रा' सुपौल पहुंची

**पटना।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव की 'वोटर अधिकार यात्रा' गुरुवार को सुपौल पहुंची है। आज यात्रा का 10वां दिन है। इस यात्रा में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने भी हिस्सा लिया। क्छ्ऊ्क्ष्अ अलायंस की इस पहल का मकसद मतदाताओं के अधिकार और 'वोट चोरी' के संदेश को लोगों तक पहुंचाना है।




आज की यात्रा का रूट सुपौल से शुरू होकर मधुबनी जिले के फुलपरास, झंझारपुर और सकरी बाजार तक तय किया गया है। यात्रा के दौरान लंच ब्रेक फुलपरास में रखा गया। इसके बाद शाम को सकरी बाजार, मधुबनी में एक सभा का आयोजन होगा, जहां इंडिया अलायंस के नेता स्थानीय लोगों को संबोधित करेंगे।

यात्रा का नाइट हाल्ट दरभंगा में निर्धारित किया गया है। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के साथ प्रियंका गांधी और रेवंत रेड्डी की मौजूदगी ने इस यात्रा को और अहम बना दिया है। स्थानीय स्तर पर लोग इस यात्रा को लेकर उत्साहित दिखाई दिए। 'वोटर अधिकार यात्रा' के जरिए इंडिया अलायंस बिहार के अलग-अलग हिस्सों में मतदाताओं से जुड़ने और चुनावी रणनीति को मजबूत करने की कोशिश कर रहा है।

**वोटर अधिकार यात्रा में होगा सामाजिक संवाद :** मधुबनी जिले में फुलपरास से करीब छह किलोमीटर दूर झिलमिल ढाबा पर लंच रखा गया है। वहीं, 3:30 से 4।15 बजे तक सिजौलिया के दुगार्मंदिर परिसर में सामाजिक संवाद है। संवाद के बाद यात्रा मोहना झंझारपुर के लिए रवाना होगी। मोहना रोड से सरिसवपाही रोड राजे चौक से गुजरेगी। वहां से शाम करीब 7:30 बजे सकरी अंदर ब्रिज में ब्रेक होगा। इसके बाद यह यात्रा दरभंगा जिले में प्रवेश करेगी।

**मधुबनी में पहली बार राहुल-प्रियंका एक साथ :** मधुबनी में पहली बार एक साथ राहुल व प्रियंका के आने से कार्यकर्ताओं में उत्साह है। यात्रा को लेकर महागठबंधन की ओर से तैयारी पूरी कर ली गई है। यात्रा के गुजरने के तमाम रास्तों में पोस्टर-बैनरों से पाट दिया गया है। सुरक्षा के मद्देनजर एसपी योगेन्द्र कुमार ने पूरे रूट का जायजा लिया है।

# जम्मू-कश्मीर के डोडा में बादल फटने से तबाही!
## दस से ज्यादा घर तबाह, 4 लोगों की मौत

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में जारी मूसलाधार बारिश के बीच मंगलवार (26 अगस्त) को बादल फटने से भारी तबाही देखने को मिली। कई जगहों पर बादल फटने से 10 से ज्यादा घर बह गए हैं। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, डोडा में बादल फटने की वजह से कम से कम चार लोगों की मौत हो गई है। भलेसा, थाथरी और मरमत में बादल फटने से अचानक आई बाढ़ में कई पुल भी बह गए। डोडा जिले के भलेसा इलाके में भारी बारिश के बीच बादल फटने की खबर मिली है। डोडा के उपायुक्त हरविंदर सिंह ने बताया कि लगातार बारिश के कारण दो जगहों पर बादल फटने की घटना हुई है।



जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश का अलर्ट जारी

अधिकारियों ने बताया कि भारी बारिश के कारण डोडा में नदी उफान पर है। डिप्टी कमिश्नर हरविंदर सिंह ने कहा, ₹3 दिन से लगातार बारिश जारी है और बीती रात काफी ज्यादा बारिश हुई है...2 जगह से बादल फटने की रिपोर्ट आई है...कुछ घर भी क्षतिग्रस्त हुए हैं...3 फूट ब्रिज बह गए हैं...जो लोग चिनाब नदी के आसपास बसे हैं, वहां से लोगों को सुरक्षित जगहों पर शिफ्ट कर दिया गया है।₹ लगातार भारी बारिश के कारण जम्मू-कश्मीर के विभिन्न हिस्सों में व्यापक जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

अधिकारियों ने बताया कि अचानक हुई भारी बारिश के कारण अचानक बाढ़ आ गई जिससे 10 से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इससे पहले कठुआ और किश्तवाड़ में भी इसी तरह की आपदाएं आई थीं। हाल के दिनों में लगातार भूस्खलन और बादल फटने की घटनाएं सामने आई हैं। मंगलवार को रामबन जिले में कई भूस्खलनों के कारण जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे (ठ्ल-44) पर ट्रैफिक ठप हो गया। गिरती चट्टानों के कारण हाईवे के कई हिस्से अभी भी अवरुद्ध हैं। इससे गंभीर खतरा बना हुआ है। अधिकारियों ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए निवासियों और यात्रियों को सलाह दी है कि वे बेहद जरूरी न होने पर ही इस रूट का इस्तेमाल करें।

इंडियन मेट्रोलॉजिकल डिपार्टमेंट (क्टऊ) ने कठुआ, सांबा, डोडा, जम्मू, रामबन और किश्तवाड़ समेत जम्मू क्षेत्र के कई जिलों में मूसलाधार बारिश का अलर्ट जारी किया है। केंद्र शासित प्रदेश में नदियों का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है, जिससे कई इलाकों में बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है।

भारी बारिश के कारण रियासी जिले के सीला गांव के पास भूस्खलन हुआ है। इसके कारण कटरा-शिवखोड़ी नेशनल हाईवे बंद हो गया है। हाईवे पर मलबा और चट्टानें गिर गई हैं, जिससे ट्रैफिक ठप हो गया है। पुलिस और प्रशासन ने तुरंत ट्रैफिक को वैकल्पिक रूट्स से डायवर्ट कर दिया है। डीएसपी रियासी, विशाल जामवाल ने बताया कि बलवा रोड भी बारिश से प्रभावित हुआ है।

# आप नेता सौरभ भारद्वाज के घर ईडी की छापेमारी
## हॉस्पिटल कंस्ट्रक्शन स्कैम में एक्शन




**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री व आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज के 13 ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी की है। आप नेता के घर पर भी प्रवर्तन निदेशालय जांच कर रहा है। जांच एजेंसी की यह कार्रवाई दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार के कार्यकाल में सरकारी अस्पतालों के निर्माण से संबंधित हजारों करोड़ रुपये के कथित घोटाले के मामले को लेकर की जा रही है।

13 ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय ने छापेमारी

दिल्ली की एंटी करप्शन ब्रांच ने आम आदमी पार्टी के कार्यकाल के दौरान अस्पतालों से जुड़ी एक परियोजना में बड़े पैमाने पर पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज व सत्येंद्र जैन के खिलाफ जून में भ्रष्टाचार का मुकदमा दर्ज किया था। जुलाई के महीने में प्रवर्तन निदेशालय ने इस मामले में केस दर्ज किया।

### क्या है पूरा मामला?

दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता के मुताबिक, वर्ष 2018-19 में कुल 5,590 करोड़ रुपये की लागत से 24 अस्पतालों के निर्माण (11 नए और 13 पुराने अस्पतालों का विस्तार) की परियोजनाओं को मंजूरी दी गई थी, लेकिन ये परियोजनाएं तय समय तक पूरी नहीं हो पाईं और उनकी लागत भी कई गुना बढ़ गई।

गुप्ता ने शिकायत में कहा था कि सितंबर 2021 में 6 महीने में बनने वाले 7 आईसीयू अस्पताल (6,800 बेड) 1,125 करोड़ की लागत से मंजूर हुए थे, लेकिन उसमें जून 2025 तक केवल 50% काम ही पूरा हुआ और खर्च 800 करोड़ तक पहुंच गया। इसके अलावा एलएनजेपी अस्पताल की नई इमारत की लागत भी 465 करोड़ से बढ़कर 1,125 करोड़ हो गई है।

### जानबूझकर देरी का आरोप

94 पॉलिक्लिनिक की योजना 168 करोड़ में बनी थी, लेकिन 220 करोड़ रुपये खर्च करने के बाद भी सिर्फ 52 पॉलिक्लिनिक ही बन पाए। वित्तीय पारदर्शिता से बचने के लिए हेल्थ इंफॉर्मेशन मैनेजमेंट सिस्टम को भी जानबूझकर रोका गया और कम लागत वाले एनआईसी के ई-हॉस्पिटल जैसे विकल्पों को नजरअंदाज किया गया।

# नौसेना का हिस्सा बने आईएनएस उदयगिरि-हिमगिरि
## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बोले- आत्मनिर्भर भारत का सपना हुआ साकार

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना की ताकत लगातार बढ़ रही है। विशाखापत्तनम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आईएनएस उदयगिरि और आईएनएस हिमगिरि को नौसेना में शामिल किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि दोनों युद्धपोतों के नौसेना में शामिल होने से स्पष्ट है कि आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार हुआ है। भारतीय नौसेना की ताकत बढ़ी है। भारतीय नौसेना न केवल तटीय क्षेत्रों की रक्षा करती है, बल्कि हिंद महासागर क्षेत्र में शांति और समृद्धि भी बनाए रखती है।




रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आईएनएस उदयगिरि और आईएनएस हिमगिरि का जलावतरण हमारी दूरदर्शिता और प्रतिबद्धता का भी प्रमाण है। मैं इस अवसर पर भारतीय नौसेना को बधाई देता हूं। गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) द्वारा निर्मित आईएनएस हिमगिरि और मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड द्वारा निर्मित आईएनएस उदयगिरि दोनों आधुनिक युद्धपोत हैं जिनका निर्माण स्वदेशी तौर पर किया गया है।

उन्होंने कहा कि इन युद्धपोतों में कई उन्नत क्षमताएं हैं। इनमें लंबी दूरी की सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें, सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइलें, स्वदेशी रॉकेट लॉन्चर, टारपीडो लॉन्चर, युद्ध प्रबंधन प्रणाली और अग्नि नियंत्रण प्रणाली लगाई जा सकती हैं। ये दोनों युद्धपोत समुद्र में खतरनाक अभियानों में गेम-चेंजर साबित होंगे।

उन्होंने कहा कि आईएनएस तमाल भारतीय नौसेना के लिए अंतिम विदेशी ऑर्डर था। हमने निर्णय लिया है कि भारतीय नौसेना के लिए भविष्य में कोई भी जहाज विदेश में नहीं बनाया जाएगा। हम अपने जहाज भारत में ही बनाएंगे। यह रक्षा निर्माण में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बहुत ही निर्णायक कदम है। इन युद्धपोतों के जलावतरण के साथ भारतीय नौसेना ने एक शताब्दी पूरी कर ली है। आज स्वदेशी एफ35 युद्धपोत भी लॉन्च किया गया है। एक देश के पास उड़ने वाला एफ-35 है और आपने तैरता हुआ एफ35 बनाया है, वह भी भारत में निर्मित।

राजनाथ सिंह ने कहा कि हिंद महासागर में चल रहा शक्ति-खेल हमें बार-बार सचेत करता है। यहां कई देशों के हित टकराते हैं। इसलिए हमें यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि हमारी समुद्री तैयारी मजबूत बनी रहे। रक्षा मंत्री ने कहा कि नौसेना की भूमिका केवल समुद्र की सुरक्षा तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह आर्थिक सुरक्षा का भी एक प्रमुख स्तंभ है क्योंकि तेल, प्राकृतिक गैस जैसी भारतीय ऊर्जा आवश्यकताएं काफी हद तक क्षेत्र की सुरक्षा पर निर्भर करती हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना न केवल तटीय क्षेत्रों की रक्षा करती है, बल्कि हिंद महासागर क्षेत्र में शांति और समृद्धि भी बनाए रखती है। ये दोनों युद्धपोत देश की सुरक्षा में मील का पत्थर साबित होंगे।

# निक्की हत्याकांड में नया ट्विस्टः अस्पताल के मेमो में लिखा गया, सिलिंडर फटने से झुलसी थी निक्की?

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सिरासा गांव में हुए निक्की हत्याकांड के मामले में नया ट्विस्ट आ गया है। दावा है कि निक्की भाटी को पति विपिन ने दहेज के लिए पहले पीटा, फिर आग लगा दी। जिस दिन घटना हुई, उस दिन यानि कि 21 अगस्त को निक्की को फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया गया था, यहां परिजनों ने जलने की वजह सिलिंडर का फटना बताया था। अस्पताल की तरफ से भी मेमो में जलने का कारण सिलिंडर का फटना बताया गया था। अब पुलिस अस्पताल में डॉक्टरों का भी बयान दर्ज करेगी।

वहीं, पुलिस का कहना है कि मामले की जांच के लिए सीसीटीवी फुटेज जब्त कर लिए गए हैं। सभी तथ्यों का मिलान किया जा रहा है।




सीसीटीवी फुटेज का समय और कंचन की ओर साझा की गई घटना का समय मेल खाता है या नहीं, इसकी जांच की जा रही है।

**मेमो में थी सिलिंडर फटने की बात :** उधर, फुटेज में दिखाई दे रहे व्यक्ति विपिन ही हैं या कोई और इसकी पुष्टि जांच के बाद की जाएगी। साथ ही अस्पताल के फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। आगे की जांच जारी है।

पुलिस को फोर्टिस अस्पताल से मेमो प्राप्त हुआ था जिसमें सिलिंडर फटने की बात थी। लेकिन आरोपी के घर में जांच के दौरान सिलिंडर फटने की बात के सबूत नहीं मिले थे। सिर्फ जलने वाला थिनर मिला था।

# रोजगार महाकुंभ में योगी का एलान : यूपी में हर युवा को न्यूनतम वेतन की गारंटी




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को लखनऊ में आयोजित रोजगार महाकुंभ में घोषणा की है कि प्रदेश में कार्यरत हर युवा को न्यूनतम वेतन की गारंटी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अब कोई भी कंपनी या नियोक्ता अपने कर्मचारियों का शोषण नहीं कर सकेगा। नियुक्ति करने वाले संस्थानों को न्यूनतम वेतन देना अनिवार्य होगा और इसके अतिरिक्त होने वाले खर्च की जिम्मेदारी सरकार संभालेगी।

सीएम योगी ने कहा कि यह व्यवस्था युवाओं को सम्मानजनक रोजगार, नौकरी की स्थिरता और उनके अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। आज मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजधानी लखनऊ में तीन दिवसीय ह्लरोजगार महाकुंभ 2025ह्व का शुभारंभ किया।

**संबंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र सिद्धार्थ गांगुली से समस्त रिश्ते नाते व सम्बन्ध समाप्त कर उसको अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उससे मेरा व मेरे परिवार का कोई ताल्लुक वास्ता नही होगा तथा अपने द्वारा किये गये किसी भी लेन-देन, व्यवहार या कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा मेरा व मेरे परिवार का कोई उत्तरदायित्व किसी प्रकार का नहीं होगा।

प्रार्थी अमित गांगुली पुत्र सी आर गांगुली निवासी ई-1-902, भारत सिटी, टीला मोड़, गाजियाबाद।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। बुधवार 27 अगस्त - 2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




## प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने दिया अधिकारियों को कड़ा संदेश

# 'जनता की शिकायतों का प्राथमिकता से हो निस्तारण फीडबैक अनिवार्य - उद्योगों के विकास में न हो कोई रुकावट'











**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद दौरे पर आए प्रदेश सरकार के प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनता की शिकायतों और जनप्रतिनिधियों के पत्रों का त्वरित निस्तारण किया जाए, और शिकायतकर्ता को फीडबैक देना सुनिश्चित किया जाए। डाबर औद्योगिक इकाई के भ्रमण व उद्यमी संवाद कार्यक्रम के बाद विकास भवन सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंत्री ने कहा कि उद्योग देश की प्रगति की रीढ़ हैं, नये उद्योग लगेंगे तभी देश विकसित होगा। अधिकारियों को चाहिए कि वे उद्योग बन्धुओं से सीधा संवाद करें और उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें।

### "Ease of Doing Business का प्रचार हो वृहद स्तर पर'

करंट क्राइम। प्रभारी मंत्री ने Ease of Doing Business योजना पर विशेष बल देते हुए कहा कि ह्लआवेदन व व्यापार से जुड़ी हर रुकावट तुरंत दूर की जाए। टैक्स या अन्य कार्य योजनाओं की पूरी जानकारी उद्योगपतियों को पारदर्शिता से दी जाए।

### अवैध कब्जे, फैक्ट्रियों की परेशानी और यातायात मुद्दे उठे

बैठक में जनप्रतिनिधियों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं रखीं—

- जिला पंचायत अध्यक्षा ममता त्यागी ने उद्योग विहार, लोनी में मजार की आड़ में अवैध अतिक्रमण की बात उठाई।
- महापौर सुनीता दयाल ने बुलन्दशहर रोड पर ग्रीन बेल्ट पर हो रहे अतिक्रमण और बिल्डर द्वारा नाले को जिकजैक बनाने की शिकायत की।
- विधायक संजीव शर्मा ने विजयनगर की हेमर कम्पनी व कार्बन फैक्ट्री से लोगों को हो रही समस्याओं पर ध्यान दिलाया।
- जिलाध्यक्ष चैनपाल सिंह ने डासना में मंदिर व गोचर भूमि पर कब्जे और सड़क निर्माण की कमी का मुद्दा उठाया।
- अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी क्षेत्रीय विकास कार्यों की मांग रखी।

### 'हर क्षेत्र का विकास हमारी प्राथमिकता'

प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों और बिंदुओं पर गहन जांच कर नियमानुसार त्वरित कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा—हमारी सरकार का लक्ष्य है कि जिले का कोई भी क्षेत्र विकास से वंचित न रहे। जहां जरूरत अधिक है, वहाँ काम पहले हो।

### प्रभारी मंत्री की कार फंसी जाम में, पैदल ही जाना पड़ा बैठक के लिए विकास भवन तक



गाजियाबाद, करंट क्राइम। जिले के प्रभारी मंत्री असीम अरुण मंगलवार को कई कार्यक्रमों में शिरकत करने गाजियाबाद पहुंचे। लेकिन उनकी गाडी कलेक्ट्रेट में जाम में फंस गई। दरअसल, जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट में वाहनों के लिए वन वे कर रखा है। जिस कारण प्रभारी मंत्री की गाडी टर्न नहीं कर पाई। ऐसे में प्रभारी मंत्री असीम अरुण को कार्यक्रम में भाग लेने के लिए विकास भवन तक पैदल ही जाना पडा। उनके साथ भाजपा महानगर महामंत्री सुशील गौतम को जाते हुए देखा जा सकता है।

### 'जनप्रतिनिधियों की शिकायतों को प्राथमिकता दें अधिकारी : असीम अरुण

करंट क्राइम। मंत्री ने दो टूक कहा कि जनता अक्सर अपनी समस्याओं के लिए जनप्रतिनिधियों तक पहुँचती है। जब जनता नेता को चुनती है तो भरोसा करती है कि वह उसके साथ अन्याय नहीं होने देगा। ऐसे में अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वे जनप्रतिनिधियों के पत्र व शिकायतों पर विशेष ध्यान दें और उसका त्वरित निस्तारण करें।

## नगर निगम कर्मचारी संघ चुनाव की दिखाई दी चहल-पहल

### दिन भर चला दावतों का दौर अंबेडकर पार्क साइड के दोनों ओर






**नगर निगम कर्मचारी संघ चुनाव प्रचार अब धीरे-धीरे रफ्तार पकड़ रहा है। नगर निगम कर्मचारी संघ में मुकाबला शेर और घोड़े के बीच है।**

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम कर्मचारी संघ चुनाव प्रचार अब धीरे-धीरे रफ्तार पकड़ रहा है। नगर निगम कर्मचारी संघ में मुकाबला शेर और घोड़े के बीच है। इस चुनाव में नगर निगम के महिला और पुरुष कर्मचारी मतदान करेंगे। 348 वोटो के इस चुनाव में 20 लाख के नोटों का खर्चा बताया जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि पर्चा भरने वाले दोनों ही पक्ष खर्चा करने में पीछे नहीं हैं। मंगलवार को नगर निगम कर्मचारी संघ के चुनाव की चहल-पहल दिखाई दी। कुछ वोटें पार्क के उस साइड वाले रेस्टोरेंट में दावत प्राप्त कर रही थीं तो कुछ वोटें पार्क के इस साइड वाले भोजनालय में दावत का आनंद ले रही थीं। कुछ वोटें ऐसे भी थीं जो दोनों तरफ की दावतों में शामिल हुईं। खास बात ये थी कि पुरुष मतदाताओं के साथ-साथ महिला मतदाताओं का जोश भी देखने लायक था और महिला मतदाताओं का समूह तो इस रेस्टोरेंट निकलकर उस भोजनालय में भी गया।

इस नगर निगम कर्मचारी संघ में शेर चुनाव चिन्ह वाले पैनल से अनुराग नागर अध्यक्ष पद के लिये उम्मीदवार हैं और महेंद्र प्रताप मोंटी बाबू महामंत्री पद के लिये उनके साथ हैं। वहीं घोड़ा चुनाव चिन्ह वाले पैनल से रविंद्र कुमार अध्यक्ष पद के लिये उम्मीदवार हैं। इस पैनल से कुलदीप शर्मा महामंत्री पद के लिये उम्मीदवार हैं। इसके अलावा उपाध्यक्ष पद के लिये संजय शर्मा, उपमंत्री पद के लिये निजामुद्दीन, संगठन मंत्री पद के लिये योगेश यादव, प्रचार मंत्री पद के लिये रमेश चंद जोशी, कोषाध्यक्ष पद हेतु रविंद्र पाल तथा कार्यालय मंत्री पद के लिये संदीप पिहवाल चुनाव लड़ रहे हैं। 29 सितंबर को नगर निगम मुख्यालय पर चुनाव होगा। आठ पदों के लिये दोनों तरफ के 16 उम्मीदवार मैदान में होंगे। दोनों पक्षों के बीच रोचक और कड़ा मुकाबला होने के चांस बताए जाते हैं। इस बात की भी संभावना जताई जा रही है कि इस बार कोई एक पैनल पूरा ना आए और रीमिक्स वाला सीन हो जाए। अध्यक्ष इस पैनल से आ जाए और महामंत्री उस पैनल से जीत जाए। 29 सितंबर को पता चलेगा कि शेर ने घोड़े का शिकार किया या घोड़े ने शेर को मात दे दी।

## खतौली विधायक मदन भैया ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

# गाजियाबाद नगर निगम का कूड़ा मीरपुर हिंदू गांव में डालने के फैसले का किया विरोध



**लोनी पहले ही खराब पर्यावरण, प्रदूषण और कूड़े के ढेरों से नारकीय जीवन जीने को मजबूर है। ऐसे में गाजियाबाद का कूड़ा यहां डालना लोगों की 'ऑक्सीजन का पाइप हटाने जैसा' है।**

**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी के मीरपुर हिंदू गांव में गाजियाबाद नगर निगम का कूड़ा डालने के शासनादेश का कड़ा विरोध शुरू हो गया है। खतौली विधायक मदन भैया ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर इस फैसले को निरस्त करने की मांग की है।

विधायक ने अपने पत्र में कहा है कि ग्राम मीरपुर, तहसील लोनी की 8.2650 हेक्टेयर भूमि को सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट के लिए नगर निगम गाजियाबाद को हस्तगत करने का निर्णय स्थानीय जनता के हितों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि लोनी पहले ही खराब पर्यावरण, प्रदूषण और कूड़े के ढेरों से नारकीय जीवन जीने को मजबूर है। ऐसे में गाजियाबाद का कूड़ा यहां डालना लोगों की 'ऑक्सीजन का पाइप हटाने जैसा' है। मदन भैया ने बताया कि 20 लाख की आबादी वाले 55 वार्डों में फैली लोनी की नगर पालिका प्रदेश की सबसे बड़ी आबादी वाली पालिका है। यहां रोज करीब 700 टन कूड़ा निकलता है और जगह-जगह कूड़े के अंबार लगे हैं। निठोरा रोड स्थित सरकारी स्कूल के पास तो कूड़े का पहाड़ बच्चों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है।

उन्होंने कहा कि लोनी में पहले ही वैज्ञानिक पद्धति पर सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट लगाया गया था, लेकिन उसका भी कोई ठोस समाधान नहीं निकला। अब गाजियाबाद का कूड़ा यहां डलवाने का आदेश लोनी की जनता के साथ नाइंसाफी है। विधायक ने चेतावनी दी कि नगर निगम गाजियाबाद के कूड़े से लदे करीब 100 ट्रकों का रोजाना आवागमन लोनी की यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा देगा। उन्होंने कहा कि यदि शासनादेश वापस नहीं लिया गया तो मीरपुर हिंदू और लोनी की जनता जीवन-मरण के प्रश्न पर आंदोलन के लिए बाध्य होगी। उन्होंने मुख्यमंत्री से जनहित में निर्णय पर पुनर्विचार कर लोनी की जनता को राहत देने की अपील की है।

## साहिबाबाद थाने के बाद अब शालीमार गार्डन हुआ रोशन

# कमिश्नरेट में लगातार बदल रही है थानों की तस्वीरें



**गाजियाबाद , करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में थानों, कार्यालयों, पुलिस लाइन , पुलिस ऑफिस को हाईटेक लुक में बनाया जा रहा है।

इसी कड़ी में ट्रांस हिंडन जोन के थाने एक के बाद एक बनकर तैयार हो रहे हैं। बीते दिनों जहां साहिबाबाद थाने का काम तेज गति से पूरा किया जा रहा है। तो वहीं शालीमार गार्डन जो की ट्रांस हिंडन जोन में आता है, थाना रोशनी से जगमग कर दिया गया है। यहां एसीपी कार्यालय, थाना प्रभारी कक्ष और पूरी थाना बिल्डिंग को आधुनिक लुक लेते हुए लाइटिंग से सुसज्जित किया गया है। दरअसल पुलिस कमिश्नर जे रविंदर रविंद्र गौड की कोशिश है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के थाने आधुनिक हों और यहां पुलिस कर्मियों और फरियादियों को सुविधा प्रदान की जाए।

### जल्द शुरू होगा इंदिरापुरम, कौशांबी और लिंक रोड का काम

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में ट्रांस हिडन का साहिबाबाद और शालीमार गार्डन थाना न्यू लुक में तैयार किया जा रहा है, तो सूत्र बता रहे हैं कि आने वाले दिनों में ट्रांस हिंडन जोन के प्रमुख थानों में शामिल इंदिरापुरम, लिंक रोड और कौशांबी थाने का भी न्यू लुक डिजाइन और इंटीरियर सुधारा जाएगा। बताया जा रहा है इन तीनों ही थानों का पूर्व में पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड द्वारा निरीक्षण किया जा चुका है। साथ ही यहां अन्य व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए गए थे।

### कमिश्नरेट के प्रत्येक थाने में बनेगा वेटिंग रूम

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्रों ने जानकारी दी है कि पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड द्वारा अभी तक जिन-जिन थानों का निरीक्षण किया गया है, वहां के प्रभारी और एसीपी को निर्देशित किया है कि वह थाने में वेटिंग एरिया बनाए। जिसमें आने वाले आगंतुकों, पुलिस अधिकारियों, थाना प्रभारी से मिलने के लिए आराम से बैठ सके। वहां कुर्सी, सोफे की व्यवस्था की जाए। साथ ही एयर कंडीशन रूम बनाया जाए। जिन थानों में जनरेटर नहीं है वहां सोलर सिस्टम लगाकर उसे सुचारु किया जाए। इसके साथ ही थाने में साफ-सफाई का भी बेहतर इंतजाम करने के निर्देश पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड द्वारा समय-समय पर दिए जाते रहे हैं।

### पुलिस ऑफिस, मुख्यालय व लाइन का बदल गया है नजारा

करंट क्राइम : गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट और मुख्यालय का रूप बदल चुका है। जहां कभी अंधेरा और गंदगी व पुरानी बिल्डिंग नजर आती थी, अब वहां चमचमाती हुई लाइटें, नए ऑफिस, नया फर्नीचर और कैफे स्टाइल में बनकर तैयार कैफेटेरिया भी अलग पहचान बना रहा है। तो पुलिस लाइन का मुख्य गेट निर्माण कार्य चल रहा है। वहीं पुलिस लाइन स्थित कैंटीन और अन्य कार्यालय और कक्ष भी सुधरे जा रहे हैं।

## जम्मू में भारी बारिश की वजह से 10 से ज्यादा ट्रेन हुईं रद्द



**जम्मू।** जम्मू में लगातार तीसरे दिन बारिश से हालात बदतर होते जा रहे हैं। डोडा में बादल फटने की घटना से भी भारी तबाही हुई। इस प्राकृतिक आपदा के कारण कई मकान तबाह हो गए है। इससे स्थानीय निवासियों के बीच दहशत का माहौल है। इसी के चलते वैष्णो देवी यात्रा को फिलहाल रोक दिया गया है। बताया जा रहा है कि अर्धकुंवारी गुफा मंदिर के पास एक बड़ा भूस्खलन (लैंडस्लाइड) हुआ है। इसके चलते यात्रा को रोक दिया गया है।

इस हादसे और खराब मौसम को देखते हुए भारतीय रेलवे ने यात्री सुरक्षा के मद्देनजर एक बहुत बड़ा फैसला लिया है। जम्मू रेलवे ने जानकारी दी है कि कटरा से चलने वाली 10 से ज्यादा यात्री ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। रेलवे का यह फैसला स्थिति सामान्य होने तक लागू रह सकता है। रेलवे ने 22440 कटरा - नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस, 22462 कटरा - नई दिल्ली श्री शक्ति एक्सप्रेस, 12446 कटरा - दिल्ली सराय रोहिल्ला एसी एक्सप्रेस और 14610 कटरा - ऋषिकेश हेमकुंड एक्सप्रेस को निरस्त कर दिया गया है।

रेलवे का कहना है कि, 10 से अधिक यात्री सेवाएं निरस्त कर दी गई है। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक और जम्मू के मंडल रेल प्रबंधक अपनी पूरी तकनीकी टीम के साथ पठानकोट में मौजूद हैं और लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

## संपादकीय

# गोर की नियुक्ति नई चुनौती

सर्जियो गोर को भारत में अमेरिका का राजदूत और दक्षिण एवं पश्चिम एशियाई मामलों का विशेष दूत बनाए जाने की घोषणा के बाद भारत के लिए कुछ नई चुनौतियां खड़ी हो गई हैं। फिलहाल भारत और अमेरिका के द्विपक्षीय संबंध नाजुक दौर से गुजर रहे हैं, ऐसे में गोर की नियुक्ति के बाद हालात और जटिल हो सकते हैं। व्हाइट हाउस में कार्मिक मामले के विभाग के प्रमुख गोर की नियुक्ति को अभी अमेरिकी संसद के ऊपरी सदन सीनेट की मंजूरी मिलनी बाकी है। उनकी नियुक्ति कई कारणों से चौंकाने वाली है जिसे देखते हुए भारत सरकार को एक सतर्क रुख के साथ आगे बढ़ना होगा।

पहली बात, 38 वर्षीय गोर को कूटनीति या विदेश मामलों का अनुभव नहीं है। अगर उनके पास ये अनुभव होते तो वह भारत जैसे बड़े एवं विविधता वाले देश के लिए स्वत: ही राजदूत के रूप में एक अच्छे विकल्प होते। व्हाइट हाउस में अपना रुतबा जमाने से पहले गोर रिपब्लिकन पार्टी के कई दिग्गज राजनीतिज्ञों के साथ काम कर चुके थे। उसके बाद वह पार्टी के मागा (मेक अमेरिका ग्रेट अगेन) गुट के साथ जुड़ गए। डॉनल्ड ट्रंप को राष्ट्रपति बनाने के अभियान को समर्थन देने वाले शुरूआती लोगों में गोर भी शामिल रहे थे।

गोर ने एक राजनीतिक कार्य समिति का संचालन किया और ट्रंप की कई पुस्तकें भी प्रकाशित कीं। ट्रंप के प्रति उनकी निष्ठा के दम पर राष्ट्रपति कार्यालय में गोर की धाक जम गई जहां उन्हें संघ सरकार में महत्त्वपूर्ण पदों पर नियुक्तियों के लिए उम्मीदवारों की पृष्ठभूमि खंगालने की जिम्मेदारी मिली। गोर राष्ट्रपति ट्रंप के सर्वाधिक भरोसेमंद लोगों में शुमार हो गए और ट्रंप प्रशासन में कुछ वरिष्ठ लोग तो उनसे सावधान भी रहने लगे। अमेरिका द्वारा भारी भरकम शुल्क लगाने के बीच दोनों देशों के संबंधों पर नजर रखने वाले लोगों ने ट्रंप के करीबी होने के कारण गोर के नामांकन को भारत के लिए एक अच्छा अवसर बताया है। उनके अनुसार भारत गोर को जरिया बना कर व्हाइट हाउस के साथ व्यापार वार्ता में लाभ उठा सकता है। हालांकि, यह आशावादी नजरिया हो सकता है। गोर को अब तक व्यापार के मुद्दे पर टीका-टिप्पणी करते नहीं देखा या सुना गया है। इसकी उम्मीद कम ही है कि भारत में पदस्थापित होने के बाद वह ट्रंप के रुख से अलग कोई नजरिया अपनाएंगे। राष्ट्रपति ट्रंप ने पहले ही कह दिया है कि नवनियुक्त राजदूत का मकसद अमेरिका को फिर श्रेष्ठ बनाना है। एकतरफा व्यापार सौदा करना भी मागा की रणनीति का एक हिस्सा रहा है।

एक और बात जो अजीब लग रही है वह यह कि विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि उन्होंने गोर की नियुक्ति के बारे में पढ़ा है और सार्वजनिक रूप से किसी दूसरे देश की राजदूत की नियुक्ति पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। यह संभव है कि गोर की नियुक्ति के संबंध में स्थापित कूटनीतिक औपचारिकताओं एवं परंपराओं का पालन नहीं हुआ हो। अधिकांश देश किसी देश में अपने राजनयिक भेजने से पहले एक-दूसरे से बात करते हैं।

# आज से अमेरिका भेजे जाने वाले भारतीय सामान पर 50% बेतुका टैरिफ



**नई दिल्ली।** भारत से अमेरिका जाने वाले सामानों पर ट्रंप प्रशासन 27 अगस्त से 50 फीसदी का बेतुका आयात शुल्क लगने जा रहा है। इस कदम से झींगा, रेडीमेड कपड़े, चमड़ा, रत्न और आभूषण जैसे मजदूर-आधारित क्षेत्रों पर गहरा असर पड़ने की आशंका है। अमेरिकी सरकार की ओर से जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक, 27 अगस्त (अमेरिकी समयानुसार सुबह 12:01 बजे / भारतीय समयानुसार सुबह 9:31 बजे) से यह टैरिफ लागू हो जाएगा। अभी तक भारतीय निर्यात पर 25% अतिरिक्त शुल्क लागू था। रूस से कच्चा तेल और सैन्य उपकरण खरीदने को लेकर अमेरिका ने अतिरिक्त 25% पेनल्टी लगाई है, जिससे कुल शुल्क 50% हो जाएगा।

### अमेरिकी टैरिफ का किन निर्यातकों पर पड़ेगा असर?

भारत का अमेरिका को कुल 86.5 अरब डॉलर का निर्यात होता है। इसमें से 60 अरब डॉलर से अधिक का सामान अब 50% ड्यूटी के दायरे में आएगा। इसमें वस्त्र, रत्न-आभूषण, झींगा, कालीन और फर्नीचर शामिल हैं। केवल फार्मा, इलेक्ट्रॉनिक्स और पेट्रोलियम उत्पाद जैसे क्षेत्र शुल्क से बाहर रहेंगे।

### क्या है निर्यातकों की चिंता?

वस्त्र उद्योग- एईपीसी (अपैरल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल) के महासचिव मिथिलेश्वर ठाकुर ने कहा कि भारत के 10.3 अरब डॉलर के वस्त्र निर्यात पर सीधा असर होगा। ठाकुर ने कहा, बांग्लादेश, वियतनाम और श्रीलंका जैसे देशों के मुकाबले भारतीय परिधान अब 30% तक महंगे पड़ेंगे। यह अंतर पाटना लगभग असंभव है।

चमड़ा व जूता उद्योग- एक उद्योग प्रतिनिधि ने कहा कि कई कंपनियों को उत्पादन रोकना और कर्मचारियों की छंटनी करनी पड़ सकती है।

रत्न और आभूषण- रत्न और आभूषण व्यवसाय से जुड़े एक एक निर्यातक ने कहा, अमेरिका हमारा सबसे बड़ा बाजार है। ऐसे में नौकरी में कटौती होने की आशंका है।

### क्या पहले से ही दिख रहा अमेरिकी टैरिफ का असर?

जुलाई में ही कई कंपनियों ने टैक्स बढ़ने से पहले अतिरिक्त निर्यात भेज दिए। यही वजह रही कि अमेरिका को भारत का निर्यात जुलाई में 19.94% बढ़कर 8 अरब डॉलर पहुंच गया।

### टैरिफ पर क्या है विशेषज्ञों की राय?

ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (ऋ्छ़्फ्क) का अनुमान है कि इन टैरिफों के कारण 2026 में अमेरिका को भारत का निर्यात 43% घटकर 49.6 अरब डॉलर रह सकता है। संस्थान के संस्थापक अजय श्रीवास्तव के मुताबिक, ₹यह रणनीतिक झटका है। भारत मजदूर-आधारित बाजारों में अपनी पकड़ खो सकता है और लाखों रोजगार पर संकट मंडरा रहा है।

# ट्रंप के 50% टैरिफ की आशंका से बाजार धड़ाम, सेंसेक्स 849 अंक टूटा, निफ्टी 24800 के नीचे



**नई दिल्ली।** हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन भारतीय बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 849.37 अंक गिरकर 80,786.54 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 255.70 अंक गिरकर 24,712.05 अंक पर आ गया।

अमेरिकी टैरिफ को लेकर चिंताओं के चलते मंगलावर को प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में एक प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 849.37 अंक या 1.04 प्रतिशत गिरकर 80,786.54 अंक पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 255.70 अंक या 1.02 प्रतिशत गिरकर 24,712.05 अंक पर बंद हुआ।

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 13 पैसे गिरकर 87.69 (अनंतिम) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने 27 अगस्त से लागू होने वाले भारतीय वस्तुओं पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त अमेरिकी टैरिफ को लेकर चिंता के कारण आयातकों की ओर से डॉलर की मांग मजबूत हुई।

### जर्मन दूतावास ने टैरिफ बाधाओं को बताया बड़ी चुनौती

# बोले, भारत-ईयू एफटीए साल के अंत तक होने की उम्मीद



**नई दिल्ली।** टैरिफ मुक्त व्यापार में एक बड़ी बाधा है। उच्च अमेरिकी टैरिफ पर प्रतिक्रिया देते हुए भारत में जर्मन दूतावास के उप राजदूत जॉर्ज एंजवेइलर ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि जर्मनी हमेशा टैरिफ को न्यूनतम स्तर तक कम करने के पक्ष में रहेगा।

भारत और जर्मनी के बीच द्विपक्षीय व्यापारिक संबंधों पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि मौजूदा वैश्विक अस्थिरता के बीच दोनों देशों के हित एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। हम मिलकर यह अस्थिर अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को स्थिर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

भारत और यूरोपीय संघ के बीच हो रहे मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर एंजवेइलर ने कहा कि हमें जो संकेत मिल रहे हैं वे बहुत सकारात्मक हैं। हमें उम्मीद है कि साल के अंत तक वार्ता को एक सार्थक परिणाम पर पहुंचते देखेंगे। मई में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और व्यापार एवं आर्थिक सुरक्षा के लिए यूरोपीय आयुक्त मारोस सेफकोविक ने वैश्विक व्यापार चुनौतियों का सामाधान करने के लिए एक अग्रगामी और ठोस वार्ता में भाग लिया। इसमें भारत 2025 के अंत तक भारत-ईयू एफटीए को संपन्न करने के अपने साझा संकल्प की पुष्टि भी की गई। भारत और साझेदार देश के बीच उच्चस्तरीय वार्ता ने इस बात को रेखांकित किया कि दोनों पक्ष एक वाणिज्यिक रूप से सार्थक, परस्पर लाभकारी, संतुलित और न्यायपूर्ण व्यापार साझेदारी को महत्व देते हैं, जो आर्थिक लचीलापन और समावेशी विकास को बढ़ावा दे। बैठक में विभिन्न वातार्कार स्तरों पर हुई प्रगति पर चर्चा हुई और मासिक वार्ता दौर व सतत वर्चुअल संवाद के जरिए गति बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया गया। दोनों पक्षों ने लंबित मुद्दों को आपसी सम्मान और व्यावहारिक दृष्टिकोण के साथ सुलझाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

भारत ने जोर दिया कि सार्थक प्रगति के लिए केवल टैरिफ चचाओं पर नहीं, बल्कि गैर-टैरिफ बाधाओं (एनटीबी) पर भी समान रूप से ध्यान देना जरूरी है। साथ ही नियामक ढांचे को समावेशी, डिजिटल परिवर्तन का समर्थन करके, संतुलित और व्यापार को सीमित करने से बचाने वाला होना चाहिए।

# प्रोबो ने यूजर्स से खातों में पड़ी शेष राशि निकालने की अपील की, आरएमजी सेवाओं के बंद होने के बाद फैसला



**नई दिल्ली।** ऑनलाइन गेमिंग से जुड़े नियमों में हालिया बदलाव के बाद प्रोबो ने अपनी रियल-मनी गेमिंग (आरएमजी) सेवाएं बंद करने की घोषणा की है। कंपनी ने अब अपने यूजर्स से अपील की है कि वे अपने खातों में बची हुई राशि तुरंत निकाल लें और यदि आवश्यक हो तो केवाईसी प्रक्रिया पूरी करें।

प्रोबो ने कहा है कि सभी उपयोगकर्ता बिना किसी बाधा के अपनी धनराशि निकाल सकेंगे। हालांकि, निकासी की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए केवाईसी अनिवार्य है। जिन उपयोगकताओं ने अभी तक यह प्रक्रिया नहीं की है, उन्हें एप के माध्यम से जल्द से जल्द यह कदम उठाने की सलाह दी गई है। कंपनी के प्रवक्ता ने बताया, उपयोगकताओं का पैसा पूरी तरह सुरक्षित है और हर निकासी अनुरोध को स्वीकार किया जाएगा। हम सभी से आग्रह करते हैं कि वे अपना केवाईसी समय पर पूरा करें ताकि शेष राशि निकालने में कोई दिक़्कत न आए। हमारी सहायता टीमें चौबीसों घंटे मदद के लिए उपलब्ध हैं। प्रोबो ने कहा है कि यह कदम पारदर्शिता, नियामक अनुपालन और उपयोगकर्ता हितों की सुरक्षा के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

शेष राशि निकालने और केवाईसी प्रक्रिया से जुड़े विस्तृत निर्देश कंपनी के एप के सहायता अनुभाग में उपलब्ध हैं।

## रोचक तथ्यों का करंट



- एक प्रकार का प्लास्टिक बनाने के लिए दूध का उपयोग किया जा सकता है जो गंधहीन, बायोडिग्रेडेबल, एंस्टीटिक, पानी में अघुलनशील और लगभग गैर ज्वलनशील है।
- दूध नॉर्थ डकोटा का आधिकारिक राज्य पेय है!
- दूध प्रोटीन का प्रयोग लेटेक्स के निर्माण में किया जाता है, जिसका अर्थ है कि ज्यादातर कंडोम में दूध प्रोटीन होता है।
- कनाडा में, गाय को कृत्रिम हार्मोन से दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए देने के लिए अवैध है।
- दुनिया भर में 65% दूध की खपत बकरी के दूध की है!
- केसी नेगी भारत के ऐसे वित्त मंत्री थे,जिन्होंने बजट पेश नहीं किया था, वे केवल 35 दिनों तक वित्त मंत्री रहे।
- ऐतिहासिक रूप से, दूध को चाय में जोड़ा जाता है और यह धन का चिन्ह था जब किसी ने बाद में दूध को चाय में जोड़ा, कम गुणवत्ता वाले चीनी मिट्टी के बरतन में चाय डालना कप को तोड़ देगा!
- मसालेदार भोजन खाने के बाद दूध मुंह को ठंडा करने के लिए बेहतर होता है। (दूध के उत्पादों में कैसिइन होता है, एक प्रोटीन जो स्वाद की कोंपल को जलाने से साफ करता है।)

## राशिफल

**मेष:** शिक्षा से जुड़े लोगों के लिए प्रगति संभव है। रुचि के विषयों में ज्ञान बढ़ेगा। व्यापार के क्षेत्र में आपको प्रशंसा मिलेगी और अच्छा प्रमोशन या प्रमोशन भी मिल सकता है।

**वृष:** आशानुरूप धन की प्राप्ति होगी। इस राशि के नौकरीपेशा लोगों को विशेष सफलता मिलेगी। ऑफिस में किसी बड़े अधिकारी का सहयोग मिलेगा।

**मिथुन:** कुछ रचनात्मक करने के लिए ऑफिस से जल्दी निकलने की कोशिश करें। प्रतिस्पर्धियों पर विजय प्राप्त करेंगे। भावनाओं की प्रधानता से रिश्ते मधुर रहेंगे।

**कर्क:** आज आपके लिए अनुकूल परिस्थितियां बनेंगी और आपको हर तरफ से लाभ मिलेगा। कार्यस्थल पर वरिष्ठों और सहकर्मियों के साथ आपके संबंध मधुर रहेंगे।

**सिंह:** काम ज्यादा होने पर थोड़े परेशान हो सकते हैं। करियर के मामले में चीजें बेहतर होने की संभावना है। परिवार के सदस्यों के साथ कुछ वाद-विवाद हो सकता है।

**कन्या:** आपके स्वभाव की उग्रता किसी से मनमुटाव का कारण बन सकती है। पेशेवर क्षेत्र में आप कुछ काम करने में सफल रहेंगे। आज अधिक लोगों से संपर्क बना रहेगा।

**तुला:** आज मिले-जुले परिणाम संभव हैं, लेकिन वे आपके पक्ष में रहेंगे। अनुत्पादक गतिविधियों में अपना समय और ऊर्जा बर्बाद न करें। अपने फैसलों पर पूरा ध्यान दें।

**वृश्चिक:** तरक्की के नए रास्ते खुलते नजर आएंगे। कोई शुभ समाचार मिल सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय बना रहेगा। स्वास्थ्य पहले से बेहतर बना रहेगा।

**धनु:** समाज हित में किए गए कार्य आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि करेंगे और आपके वर्चस्व में वृद्धि होगी। कोई बढ़िया नया विचार आपको आर्थिक लाभ देगा।

**मकर:** आपकी लोकप्रियता चरम पर होगी और आप बहुत महत्वपूर्ण लोगों से संपर्क स्थापित कर सकते हैं। आपके शत्रु आपका कुछ नहीं बिगाड़ेंगे।

**कुंभ:** करियर के मामले में आपको बड़ी सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। ऐसे लोगों से जुड़ेंगे जो आपकी हर तरह से मदद के लिए तैयार रहेंगे।

**मीन:** आपका स्वास्थ्य या परिवार में किसी को कष्ट हो सकता है। निजी संबंधों में मतभेद के कारण दरार आ सकती है। यात्रा सुखद रहेगी और बहुत फायदेमंद रहेगी।

## चुटकुले

एक बार पप्पू ट्रेन में सफर कर रहा था।
ट्रेन में बहुत भीड़ होने की वजह से वो एक गंजे आदमी के गोद में बैठ गया।
आदमी (गुस्से में) – हां, हां! मेरे सिर पर आकर बैठा जा।
पप्पू – नहीं, अंकल मैं यहीं ठीक हूं, वहां से फिसल कर गिरने का डर है।

पत्नी – कितनी देर से आपसे पूछ रही हूं कि आपके लिए आपके जीवन में सबसे बड़ी मुसीबत क्या है? और आप पता नहीं क्यों मुझे ही घूर रहे हो, अरे! कुछ बोलो तो सही।

टीचर (स्टूडेंट से) – आज तुमने देर से आने का क्या बहाना ढूंढा?
स्टूडेंट – मैडम आज मैं इतना तेज दौड़कर आया कि बहाना सोचने का मौका ही नहीं मिला।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

## 27 08 2025 करंट क्राइम

सेलेब्रिटी जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन



श्री नीरज सिंह (यूथ आइकॉन एवं भाजपा नेता)



नेहा धूपिया
अभिनेत्री



अयांश प्रताप सिंह तोमर | ललित बिष्ट | आयुष | पूजा गर्ग



बबीता ठाकुर | अमित त्यागी | दुर्गेश अग्रवाल | राजेश शर्मा | केके शर्मा



इंतजार अहमद | कुलदीप भाटी | मनोज शर्मा | प्रदीप देवली | विकास कुमार सिंह



मनोज शर्मा | अंकुर धामा | अवनीश चंद्रा | मृदुल त्यागी | हिमांशु खटनानी

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# पुलिसकर्मियों को दिया गया जीवन रक्षक प्रशिक्षण

## सड़क हादसों, आग और करंट जैसी दुर्घटनाओं में घटेगी मौत की दर




**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस आयुक्त गाज़ियाबाद के निर्देश पर थाना खोड़ा स्थित सेमिनार हॉल में पुलिसकर्मियों को बेसिक लाइफ सपोर्ट और एर्गोनॉमिक एक्सरसाइज का प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को कम करना और पुलिसकर्मियों को प्राथमिक उपचार के प्रति जागरूक बनाना है। प्रशिक्षण का शुभारंभ सहायक पुलिस आयुक्त इंदिरापुरम ने किया। इस दौरान थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी समेत कई पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। एआईएसी प्राइवेट लिमिटेड की विशेषज्ञ टीम ने पुलिसकर्मियों को सीपीआर और प्राथमिक उपचार की विधियां सिखाईं।

विशेषज्ञों ने बताया कि सीपीआर एक जीवन रक्षक प्रक्रिया है, जिसका उपयोग हृदय गति रुकने, सांस बंद होने या आपातकालीन स्थितियों में किया जाता है। सही समय पर दिया गया सीपीआर किसी व्यक्ति की जान बचा सकता है। प्रशिक्षण के दौरान व्यावहारिक अभ्यास भी कराया गया।

कार्यक्रम में एर्गोनॉमिक एक्सरसाइज पर भी जोर दिया गया। विशेषज्ञों ने पुलिसकर्मियों को 24/7 ड्यूटी के दौरान शरीर की देखभाल, स्ट्रेचिंग और सही मुद्रा अपनाने के महत्व को समझाया। उन्होंने बताया कि नियमित व्यायाम और स्ट्रेचिंग से कमर और गर्दन दर्द जैसी समस्याओं से बचा जा सकता है और तनाव भी कम होता है।

इस मौके पर एआईएसी प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक डॉ. वीरेंद्र मिश्रा, डॉ. वरुण खन्ना, गाज़ियाबाद शाखा के फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. गुरूचरण, डॉ. दिलीप वाष्णेय, डॉ. मोहित कुमार और अन्य विशेषज्ञों ने प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी और कर्मी मौजूद रहे।

# 'दीक्षारंभ 2025-26' : सुंदरदीप कॉलेज में बीबीए और बीसीए के नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाज़ियाबाद स्थित सुंदरदीप कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में मंगलवार को बीबीए और बीसीए पाठ्यक्रमों के नए छात्रों के लिए 'दीक्षारंभ 2025-26' नामक ओरिएंटेशन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस समारोह का उद्देश्य नए छात्रों को कॉलेज के माहौल से परिचित कराना और उनके शैक्षणिक जीवन की शुरुआत करना था।

कार्यक्रम की शुरूआत छात्रों के पंजीकरण और माँ सरस्वती की वंदना के साथ हुई। समारोह में महनादया यूनिवर्सल कंसल्टेंसी प्रा. लि. की संस्थापक सुश्री श्वेता बेरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उन्होंने अपने संबोधन में छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल डिग्री पाने का जरिया नहीं है, बल्कि यह जीवन में सफलता और नेतृत्व की सच्ची कुंजी है। इस अवसर पर कॉलेज के उप निदेशक डॉ दीपा कवर ने स्वागत भाषण दिया। इसके अलावा, एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के चांसलर महेंद्र अग्रवाल और अन्य वरिष्ठ सदस्यों ने भी छात्रों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में, छात्रों को विभिन्न विभागों और उनकी गतिविधियों से परिचित कराया गया। निदेशक (प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट) बृजेंद्र सिंह ने करियर के अवसरों पर एक महत्वपूर्ण प्रस्तुति दी। समारोह का सफल संचालन सहायक प्राध्यापक अंशु कौशिक और वंदना शर्मा ने किया। अंत में, विभागाध्यक्ष (बीबीए) डॉ. रवि प्रसाद ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। कार्यक्रम के बाद, छात्रों को जलपान कराया गया और उन्हें कॉलेज परिसर का भ्रमण कराया गया। यह समारोह नए छात्रों में उत्साह और उमंग का संचार करने में सफल रहा।

# गाजियाबाद पुलिस ने दो शातिर बदमाश दबोचे

## चोरी की बाइक और लूट की चैन पिघलाकर बनाया सोने का टुकड़ा बरामद



**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** थाना अंकुर विहार पुलिस ने मंगलवार को चेकिंग के दौरान दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से दिल्ली से चोरी की गई एक बाइक और साहिबाबाद क्षेत्र से छीनी गई चैन को पिघलाकर बनाया गया सोने का टुकड़ा बरामद हुआ है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सिद्धार्थ उर्फ मोनू पुत्र कमल सिंह (उम्र 28 वर्ष, निवासी अंबेडकर बस्ती, मौजपुर दिल्ली) और अद्वैक उर्फ सन्नी पुत्र राजकुमार (उम्र 27 वर्ष, निवासी अजुधन मोहल्ला, मौजपुर दिल्ली) के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार दोनों ने पूछताछ में कबूल किया कि 19 अगस्त को थाना अंकुर विहार क्षेत्र से केटीएम ड्यूक-200 बाइक चोरी की थी और अगले दिन साहिबाबाद में एक युवक से सोने की चैन झपटी थी। चैन को पिघलाकर सोने का टुकड़ा तैयार कर लिया था ताकि आसानी से बेचा जा सके। आरोपियों ने बताया कि वे चोरी की गाड़ियों का इस्तेमाल अन्य लूटपाट की वारदातों में करते थे। दोनों पहले भी दिल्ली और यूपी के अलग-अलग इलाकों में चोरी, लूट और छिनैती जैसे मामलों में जेल जा चुके हैं।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार सिद्धार्थ उर्फ मोनू पर 49 मुकदमे दर्ज हैं जबकि अद्वैक उर्फ सन्नी पर 60 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि दोनों सक्रिय गैंग के सदस्य हैं और दिल्ली-एनसीआर में लगातार वारदातें कर रहे थे। दोनों के खिलाफ थाना अंकुर विहार में धारा 317(2)/3(5) भा.दं.सं. के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# 44वीं सब-जूनियर राष्ट्रीय शूटिंग बॉल चैंपियनशिप

## उत्तर प्रदेश की लड़कियों और राजस्थान के लड़कों ने जीता खिताब




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बोधगया, बिहार में 22 से 24 अगस्त 2025 तक 44वीं सब जूनियर राष्ट्रीय शूटिंग बॉल चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। शूटिंग बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में बिहार शूटिंग बॉल एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में 23 राज्यों के लगभग 600 बालक और बालिकाओं ने भाग लिया।

बालिका वर्ग में उत्तर प्रदेश का दबदबा : इस वर्ष की चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश की बालिका टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। क्वार्टर फाइनल में वेस्ट बंगाल को 21-11, 21-12 से हराने के बाद, उन्होंने सेमीफाइनल में हरियाणा को 21-13, 21-13 से मात दी। फाइनल में महाराष्ट्र के खिलाफ 21-10, 21-18 के स्कोर से जीत दर्ज कर उत्तर प्रदेश ने स्वर्ण पदक हासिल किया। इस वर्ग में महाराष्ट्र दूसरे और हरियाणा तीसरे स्थान पर रहा।

बालक वर्ग में राजस्थान बना चैंपियन : बालक वर्ग में राजस्थान की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। राजस्थान ने क्वार्टर फाइनल में मध्य प्रदेश को 21-8, 21-7 से, और सेमीफाइनल में गुजरात को 21-18, 21-15 से हराया। रोमांचक फाइनल मुकाबले में उन्होंने पंजाब को 21-17, 21-16 से हराकर खिताब जीता। बालक वर्ग में पंजाब दूसरे और महाराष्ट्र तीसरे स्थान पर रहा।

सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी : गाजियाबाद की रहने वाली उत्तर प्रदेश की खिलाड़ी विद्या को बालिका वर्ग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया और उन्हें 11,000 रुपए का नकद पुरस्कार दिया गया। इसी तरह, बालक वर्ग में राजस्थान के मितेश कुमार को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया, जिन्हें 11,000 रुपए का पुरस्कार प्रदान किया गया।

उद्घाटन समारोह में सहकारिता मंत्री, बिहार सरकार, डॉ. प्रेम कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे, जबकि एशियाई शूटिंग बॉल फेडरेशन के महासचिव रविंद्र सिंह तोमर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उत्तर प्रदेश की टीम को इस शानदार जीत पर अंतरराष्ट्रीय शूटिंग बॉल फेडरेशन के अध्यक्ष डॉ. अनिल अग्रवाल, शूटिंग बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष श्री अंजुल अग्रवाल और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने बधाई दी।

# वाहन मालिक और डीएल धारक ध्यान दें

## अब जरूरी है मोबाइल नम्बर अपडेट करना




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बड़ी संख्या में वाहन मालिकों और ड्राइविंग लाइसेंस धारकों तक परिवहन विभाग की ओर से भेजे जाने वाले सेवा अलर्ट, वैधानिक नोटिस और जरूरी संदेश मोबाइल नम्बर अपडेट न होने की वजह से नहीं पहुँच पा रहे हैं।

सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) गाजियाबाद ने बताया कि परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देश पर अब वाहन मालिकों व डीएल धारकों के मोबाइल नम्बर अद्यतन कराने की मुहिम शुरू की गई है। इसके लिए गाजियाबाद सम्भागीय परिवहन कार्यालय में सहायता डेस्क/हैल्प काउंटर स्थापित किया गया है, जहां नागरिकों को परिवहन पोर्टल पर आधार प्रमाणित मोबाइल नम्बर अपडेट कराने के लिए मार्गदर्शन दिया जा रहा है। परिवहन विभाग ने अपील की है कि गाजियाबाद में पंजीकृत सभी वाहन मालिक और डीएल धारक तुरंत परिवहन पोर्टल पर लॉगिन कर आधार प्रमाणीकरण के जरिए अपना मोबाइल नम्बर अपडेट करें, ताकि समय पर जरूरी सूचनाएं मिल सकें।

# एफएलएन प्रशिक्षण में शिक्षकों को मिला नया दृष्टिकोण





**लोनी, करंट क्राइम।** एफएलएन प्रशिक्षण बैच-5 व 6 के दूसरे दिन शिक्षकों को खंड शिक्षा अधिकारी लोनी सर्वेश कुमार ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन से उत्साहित किया। उन्होंने नई शिक्षा नीति 2020, फाउंडेशनल लर्निंग एवं न्यूमैरेसी पर चर्चा की और शिक्षकों को बच्चों के सर्वांगीण विकास में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।

प्रशिक्षण सत्र में प्रारंभिक स्तर पर भाषा और गणित के शिक्षण की तकनीकों पर विशेष ध्यान दिया गया। शिक्षकों को बताया गया कि प्रयोगात्मक व रचनात्मक तरीकों से बच्चों में दक्षताएं कैसे विकसित की जा सकती हैं।

इस अवसर पर डीसी बालिका शिक्षा कुणाल मुद्गल, डीसी निर्माण विश्वास गौतम और एसआरजी पूनम शर्मा ने प्रशिक्षण का अवलोकन किया। कुणाल मुद्गल ने मीना मंच, आत्मरक्षा प्रशिक्षण और बालिकाओं के आत्मविश्वास विकास पर चर्चा की। विश्वास गौतम ने स्वच्छ भारत विद्यालय प्रतियोगिता की जानकारी साझा करते हुए सभी विद्यालयों को प्रतिभाग हेतु प्रेरित किया। पूनम शर्मा ने एनसीईआरटी आधारित नवीन पाठ्यपुस्तक वीणा के पाठों, गणित मेला और संतूर पर गहन विचार प्रस्तुत किए। प्रशिक्षण में संदर्भ दाताओं के रूप में रेनु कुमारी, प्रीति त्यागी, लता शर्मा, रीना चौधरी और सुषमा सिंह उपस्थित रहे।

# डीसीपी नगर धवल जायसवाल ने सुनीं फरियादें, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश



**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट गाज़ियाबाद के निर्देश पर पुलिस उपायुक्त नगर धवल जायसवाल ने अपने कार्यालय पर पहुंची शिकायतों को सुना। इस दौरान उन्होंने फरियादियों से सीधे वार्ता की और उनकी समस्याओं की जानकारी ली। डीसीपी ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ किया जाए, ताकि आम नागरिकों को त्वरित राहत मिल सके।

# रॉयल कॉलेज ऑफ लॉ में साइबर जागरूकता कार्यक्रम

## एसीपी प्रियाश्री पाल ने छात्रों को बताए सुरक्षित रहने के उपाय




**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस आयुक्त गाज़ियाबाद के निर्देशन में साइबर अपराधों की रोकथाम और नागरिकों को जागरूक करने के लिए चल रहे अभियान के तहत मंगलवार को थाना वेवसिटी क्षेत्र के रॉयल कॉलेज ऑफ लॉ में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में सहायक पुलिस आयुक्त प्रियाश्री पाल, थाना प्रभारी वेवसिटी व पुलिस टीम ने छात्रों और शिक्षकों को साइबर अपराधों से बचाव के तरीके बताए। इस मौके पर कॉलेज के चेयरमैन विजय अग्रवाल, प्रिंसिपल डॉ. टीना गर्ग समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

एसीपी ने बताया कि आधुनिक साइबर अपराधों की पहचान करना और समय रहते सावधानी बरतना बेहद जरूरी है। ऑनलाइन फ्रॉड, फिशिंग लिंक और डिजिटल ठगी से बचने के लिए नागरिकों को जागरूक रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध साइबर गतिविधि या ठगी की स्थिति में तत्काल 1930 नंबर पर कॉल करें या www.cybercrime.gov.in पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करें। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षार्थियों और समाज के अन्य वर्गों में साइबर सुरक्षा को लेकर जागरूकता फैलाना और सुरक्षित डिजिटल वातावरण बनाना रहा।

# विजय कॉलेज ऑफ एजुकेशन में स्व. विजयपाल सिंह की 8वीं पुण्यतिथि मनाई गई

## इंद्रेश कुमार बोले, जून 2026 में लद्दाख में होगा प्रथम सिंधु कुंभ



**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** विजय कॉलेज ऑफ एजुकेशन, सेक्टर-2, चिरंजीव विहार में मंगलवार को स्वर्गीय विजयपाल सिंह की 8वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10 बजे पूजनीय डॉ. दयालु महाराज के मुखारविंद से हवन एवं भजन-कीर्तन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य इंद्रेश कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने स्व. विजयपाल सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके समाजसेवी योगदान को स्मरण किया।

अपने संबोधन में इंद्रेश कुमार ने बताया कि 30वीं सिंधु दर्शन यात्रा को प्रथम सिंधु कुंभ के रूप में आयोजित किया जाएगा। इसके अंतर्गत सिंधु नदी के तट पर सिंधु घाट पर सिंधु कलश स्थापित किया गया है, जिसकी प्रतिदिन पूजा-अर्चना सिंधु कुंभ तक जारी रहेगी। लद्दाख के लोगों ने भी सिंधु जल और कलश की पूजा-अर्चना का जिम्मा लिया है और पूरे देशवासियों को सिंधु कुंभ में आने के लिए आमंत्रित किया है। उन्होंने कहा कि प्रथम सिंधु कुंभ जून 2026 में आयोजित होगा जिसका पंजीकरण इस वर्ष सितंबर से प्रारंभ किया जाएगा। कार्यक्रम में हिमालय परिवार पश्चिमी प्रांत कार्यालय का उद्घाटन किया गया। साथ ही आसरा गाज़ियाबाद (एलिम्को) द्वारा संचालित आरवीवाई योजना के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों को निशुल्क सहायक उपकरण भी वितरित किए गए।

इस अवसर पर अनेक गणमान्य अतिथि मौजूद रहे, जिनमें भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, विधायक गाजियाबाद संजीव शर्मा, विधायक इगलास (अलीगढ़) राजकुमार सहयोगी, गाज़ियाबाद मेयर सुनीता दयाल, रजापुर ब्लॉक प्रमुख मोनिका चौधरी और राहुल चौधरी, महामंत्री हिमालय परिवार निलेश दत्त, क्षेत्रीय अध्यक्ष हिमालय पश्चिम परिवार हरि किशोर तिवारी, हाथरस जिला पंचायत सदस्य सीमा उपाध्याय एवं अन्य विशिष्ट अतिथि शामिल रहे। आयोजन समिति की ओर से पश्चिमी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, हिमालय परिवार ममता चौधरी ने सभी अतिथियों और आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

# अनुसूचित जाति-जनजाति योजनाओं का वृहद प्रचार-प्रसार हो : रमेश चन्द्र कुंडे




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति आयोग, उत्तर प्रदेश के सदस्य रमेश चन्द्र कुंडे की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में कुण्डे ने कहा कि सरकार की मंशा है कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के पात्र व्यक्तियों को हर योजना का लाभ समय पर और पूरी पारदर्शिता से मिले। इसके लिए जरूरी है कि योजनाओं का वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अगर किसी आवेदन में त्रुटि रह जाती है तो उसमें सुधार कर पात्र व्यक्ति को लाभ अवश्य दिलाया जाए।

इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव, सिटी मजिस्ट्रेट डॉ. सन्तोष कुमार उपाध्याय, परियोजना निदेशक प्रदीप पाण्डेय, समाज कल्याण अधिकारी दिग्विजय सिंह, पीडब्ल्यूडी अधिशासी अभियंता राजाराम समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ के महामंत्री बिल्लू चौहान, भाजपा नेता प्रदीप चौहान वाल्मीकि व अन्य गणमान्य भी बैठक में मौजूद रहे।

### 'हर गरीब, जरूरतमंद और पात्र व्यक्ति को योजना का लाभ दिलाने के लिए सरकार संकल्पबद्ध'

करंट क्राइम। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति आयोग, उत्तर प्रदेश के सदस्य रमेश चन्द्र कुंडे ने जोर देकर कहा कि अधिकारी अपने-अपने विभागों की योजनाओं का प्रचार करें और आपसी समन्वय बनाकर पात्र लाभार्थियों को जागरूक करें। बैठक के दौरान नगर निगम और नगर पालिका से जुड़े विषयों पर भी चर्चा हुई, जिस पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

# लोकसभा सांसद अतुल गर्ग का जन्मदिन मनाया गया धूमधाम से



गाजियाबाद करंट क्राइम। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग का जन्मदिन उनके समर्थ को शुभचिंतकों और भाजपा कार्यकताओं ने धूमधाम से मनाया। मंगलवार को उनके कवि नगर स्थित आवास पर दिन भर जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं देने वालों का एक सिलसिला चलता रहा। राजनीति, समाजसेवा और व्यापार मंडल से जुड़े लोगों ने भी अतुल गर्ग को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।

# जनसुनवाई और शिकायत निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : डीएम रविन्द्र कुमार माँदड़

## समाधान दिवस, विकास कार्यों की समीक्षा और आकस्मिक निरीक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जनपद में प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार माँदड़ ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए हैं। आदेश में अधिकारियों से कहा गया है कि वे नियमित समयावधि में अपने-अपने कार्यालयों में उपस्थित रहकर जनता द्वारा बताई गई समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि तहसील दिवस एवं समाधान दिवस की शिकायतों का समयबद्ध व पारदर्शी निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके लिए तहसीलदार, उपजिलाधिकारी और थाना प्रभारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की समीक्षा नियमित रूप से की जाए और विभागाध्यक्ष समय-समय पर अनुपालन आख्या प्रस्तुत करें। यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी की लापरवाही पाई गई तो उसकी जवाबदेही तय करते हुए सख्त कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों से कहा है कि वे चुस्त-दुरुस्त कार्यप्रणाली अपनाकर शासन की स्वच्छ व संवेदनशील मंशा को पूरी तत्परता से पूरा करें।



### डीएम ने निम्नलिखित प्रमुख बिंदुओं पर दिया जोर

- **शिकायत निस्तारण :** समाधान दिवस पर प्राप्त सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण किया जाए।
- **फील्ड विज़िट अनिवार्य :** अधिकारी व तहसील स्तर के कर्मचारी गांवों और स्थलीय क्षेत्रों का भ्रमण करेंगे, समस्याओं को मौके पर निस्तारित करेंगे।
- **जनसुनवाई की व्यवस्था :** प्रतिदिन सुबह 10 बजे से अधिकारियों को कार्यालय में उपलब्ध रहकर शिकायतों की सुनवाई करनी होगी।
- **आकस्मिक निरीक्षण :** बिना लिखित अनुमति अनुपस्थित पाए जाने पर संबंधित अधिकारी/कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।
- **कार्यालय व्यवस्था :** सभी सरकारी दफ्तरों में साफ-सफाई, अभिलेखों का रख-रखाव और प्रभावी कार्य संस्कृति सुनिश्चित की जाए।
- **विकास कार्यों की समीक्षा :** विभागाध्यक्ष समय-समय पर विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करें और अनुपालन आख्या समय पर प्रस्तुत करें।
- **जनहित सर्वोपरि :** गरीब व जरूरतमंदों की समस्याओं का तुरंत समाधान कर शासन की संवेदनशील छवि प्रदान करें।

# 14 साल पहले लव फिर शादी, अब 12 साल छोटे लड़के पर महिला हुई फिदा, बनना चाहती है दुल्हन



**नई दिल्ली।** यूपी के संभल स्थित हयातनगर थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी महिला के पति ने बताया कि 14 साल पहले प्रेम प्रसंग के बाद शादी की थी। अब एक आठ वर्षीय बेटा और चार वर्षीय बेटी है। सोमवार की शाम को करीब 7 बजे पत्नी ने पांच हजार रुपये लिए थे। इसके बाद वह बेटे व बेटी को लेकर प्रेमी के साथ चली गई।

14 साल पहले जिस महिला ने मोहल्ले के युवक से प्रेम विवाह किया था। उस महिला का अब दूसरे प्रेमी से शादी करने का मन है। वह अपने से करीब 12 वर्ष छोटे प्रेमी से शादी करने की जिद पर अड़ी है। सोमवार की शाम को प्रेमी के साथ चली गई थी। पति ने पुलिस को सूचना दी तो महिला और उसके प्रेमी को बहजोई थाना क्षेत्र के एक गांव से पकड़ लिया। इसके बाद महिला ने पुलिस के सामने भी खूब हंगामा किया। देर रात तक महिला और उसका प्रेमी हयातनगर थाने में बैठे रहे लेकिन महिला पति के साथ जाने को तैयार नहीं हुई।

पति से पांच हजार रुपये लेकर हुई फरार यूपी के संभल स्थित हयातनगर थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी महिला के पति ने बताया कि 14 साल पहले प्रेम प्रसंग के बाद शादी की थी। अब एक आठ वर्षीय बेटा और चार वर्षीय बेटी है। सोमवार की शाम को करीब 7 बजे पत्नी ने पांच हजार रुपये लिए थे। इसके बाद वह बेटे व बेटी को लेकर प्रेमी के साथ चली गई। जब देर रात तक नहीं लौटी तो पुलिस को सूचना दी।

महिला प्रेमी संग रहने की जिद पर अड़ी पति ने बताया कि पत्नी जिस युवक से बात करती है उसकी जानकारी थी। पुलिस ने मंगलवार को पत्नी व उसके प्रेमी को पकड़ लिया तो वह हंगामा करने लगी और प्रेमी के साथ ही रहने की जिद कर रही है। पति मंगलवार की देर शाम अपने आठ वर्षीय बेटे को लेकर घर चला गया। थाना प्रभारी ने बताया कि महिला और उसका प्रेमी थाने में बैठे हैं। कुछ जिम्मेदार लोग समझाने का प्रयास कर रहे हैं। यदि तहरीर दी जाएगी तो उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।




## क्या सिटी का एक सर्किल फिर होगा पिंक

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बीते दिनों प्रमोशन होने के बाद कमिश्नरेट वाले सिस्टम के समीकरण बनने की चर्चा जोरों पर है। तो पुलिस के विश्वसनीय सूत्रों ने जानकारी दी है कि सिटी का एक सर्किल दोबारा से पिंक हो सकता है। सुनने में आया है कि वर्तमान में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में दो महिला एसीपी साइड लाइन वाली पोस्टिंग में हैं। इनमें से किसी एक पर कृपा वाला सीन हो सकता है। वैसे सूत्रों ने यहां तक जानकारी दी है कि एक महिला एसीपी तो साहब से रिक्वेस्ट भी कर चुकी हैं, अब देखना होगा उनकी रिक्वेस्ट कितनी कारगर साबित होती है। उधर सूत्र बताते हैं कि एसीपी लिस्ट में दो से तीन नाम हो सकते हैं। कुछ लोगों को परिवर्तित किया जा सकता है। उधर जिस तरीके से सोमवार को मीटिंग हुई थी, उसकी तीन प्रमुख कार्य योजना थी। जिसमें बताया जा रहा है कि पास वाले कमिश्नरेट से लेकर दिल्ली वाली पुलिस तक से इनपुट लेकर काम किया जा रहा है। तो वहीं देहात से जुड़ी एक महिला एसीपी ने आईजीआरएस और विवेचना वाले मामले को लेकर काफी सुझाव दिए थे, तो अमल में ले जा रहे हैं। वहीं सुनने में आ रहा है कि कैमरे और ट्रैफिक व्यवस्था वाला प्लान दिल्ली से लिया गया है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में अधिकारियों का प्रयास है कि इसे बेहतर और सफल बनाया जाए। साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था और बीते दिनों जिस प्रकार से पुलिसकर्मियों की एक के बाद एक सड़क हादसों में जान गई है, उसको रोकने के लिए भी कारगर कदम उठाने के निर्देश खुद पुलिस कमिश्नर द्वारा दिए गए हैं। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि गणेश चतुर्थी के बाद किसी एसीपी को गणपति महाराज का आशीर्वाद मिल सकता है। तो किसी को अभी वेट करना पड़ेगा। कुल मिलाकर टेंशन उन अधिकारी लोगों की भी है जिनका या तो समय पूरा होने वाला है या वह प्रमोशन के बाद कहीं और के लिए जुगाड़ लगा रहे हैं। इसके साथ ही सूत्र बता रहे हैं कि मथुरा नगरी से भी गाजियाबाद आने के लिए कोई लगातार लगा हुआ है। देखना होगा कितनी सफलता मिलती है।




# क्या है देश के दो संतों के बीच का विवाद?

## जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने क्यों कहा-प्रेमानंद जी उनके लिए पुत्रवत हैं?

**नई दिल्ली, करंट क्राइम।** देश के दो प्रमुख संतों के बीच गहरा विवाद हो गया। एक संत है वृंदावन के प्रेमानंद जी महाराज तो दूसरे संत है जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी महाराज। कथावाचक स्वामी अनिरुद्धाचार्य महाराज के लिव-इन में रहने वाले जोड़ों पर आपत्तिजनक टिप्पणी से शुरू हुआ। अब यह प्रेमानंद महाराज से होते हुए जगद्गुरु रामभद्राचार्य तक पहुंच गया है। दरअसल, महिलाओं पर टिप्पणी मामले को लेकर संत प्रेमानंद महाराज और कथावाचक अनिरुद्धाचार्य हाल के दिनों में खूब चर्चाओं में रहे हैं।



महिला पर बयान को लेकर विवाद शुरू हुआ। मामले में लोगों ने अनिरुद्धाचार्य के खिलाफ कोर्ट में केस भी दर्ज कराया है। संत प्रेमानंद महाराज ने महिलाओं की पवित्रता पर सवाल खड़े किए थे। एक वीडियो वायरल हुआ, जिसके बाद से विवाद लगातार गहराया हुआ है। वीडियो में उन्हें कहते सुना जा सकता है कि जब किसी को होटल के भोजन खाने की जुबान में आदत पड़ गई है तो घर की रसोई का भोजन अच्छा नहीं लगेगा। जब चार पुरुषों से मिलने की आदत पड़ गई है तो एक पति को स्वीकार करने की हिम्मत नहीं रह जाएगी।

प्रेमानंद महाराज कहते सुनाई देते हैं कि ऐसे ही चार लड़कियों से व्यभिचार करने वाला पुरुष अपनी पत्नी से संतुष्ट नहीं रहेगा, क्योंकि चार लड़कियों के साथ व्यभिचार करने की उसने आदत बना ली है। उन्होंने इसी वीडियो में कहा कि 100 में से मुश्किल से कोई दो-चार कन्याएं ही ऐसी होंगी जो अपना पवित्र जीवन रखकर किसी पुरुष को समर्पित होती होंगी। तब वह लड़की कैसे सच्ची बहू बनेगी, जो पहले चार लड़कों से मिल चुकी है। इसी प्रकार जो पहले ही चार लड़कियों से मिल चुका है, क्या वह सच्चा पति बन पाएगा?

उनके इसी बयान को लेकर जगद्गुरु ने उनके पुराने बयानों के आधार पर उन पर हमलावर रुख अपनाया है। मामले में मध्य प्रदेश के सतना के व्यक्ति ने प्रेमानंद महाराज को धमकी तक दे दी थी। इस मामले में जगद्गुरु रामभद्राचार्य के बयान के बाद विवाद शुरू हो गया। रामभद्राचार्य ने दिए एक इंटरव्यू में कहा था कि प्रेमानंद महाराज ना तो विद्वान हैं और ना ही चमत्कारी। इसके साथ ही उन्होंने प्रेमानंद बाबा को बालक के समान बताया और खुली चुनौती भी दे दी।

संत प्रेमानंद महाराज को लेकर दिए गए अपने कथित बयान पर उठे विवाद के बीच अब आध्यात्मिक जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य ने विवाद को ठंडा करने की कोशिश की। रामभद्राचार्यजी ने कहा है कि उनके द्वारा प्रेमानंद जी या किसी भी संत के लिए कभी कोई अभद्र टिप्पणी नहीं की गई है और न ही भविष्य में वे ऐसा करेंगे। साथ ही संत समाज में कोई मतभेद नहीं है और प्रेमानंद जी उनके लिए पुत्रवत हैं।

जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने कहा है कि सभी हिंदुओं को सभी पारस्परिक मतभेद छोड़कर एक साथ होना चाहिए। मैंने प्रेमानंद जी के लिए कोई भी अभद्र टिप्पणी नहीं की है, मेरे लिए वह पुत्रवत के समान है। मेरी अवस्था भी बड़ी है इसलिए आचार्य होने के नाते मैं सबको कहता हूं कि संस्कृत का अध्ययन करना चाहिए। जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने आगे कहा कि हां चमत्कार को मैं आज नमस्कार नहीं करता यह सत्य है। मैंने अपने शिष्य धीरेंद्र शास्त्री से भी कहा है कि बेटा पढ़ लिखो। सभी संत मेरे लिए स्नेह भजन हैं। सभी संतों को एक होकर हिंदू धर्म की रक्षा में तत्पर होना चाहिए। जो मेरे लिए भ्रम फैलाया जा रहा है वह गलत है। मैंने प्रेमानंद या किसी भी संत के लिए कोई गलत टिप्पणी नहीं की है और ना ही करूंगा।

# गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने राजनगर एक्सटेंशन की सड़कों से हटाया अतिक्रमण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स के द्वारा अवैध अतिक्रमण हटाने के दिए गए आदेशों के क्रम में मंगलवार को प्राधिकरण के जोन-1 के अंतर्गत आने वाले राजनगर एक्सटेंशन की 45, 30 मीटर एवं अन्य चौड़ी सड़कों से प्राधिकरण के प्रवर्तन और अभियंत्रण अनुभाग के द्वारा संयुक्त रूप से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान ज्योति सुपर के गेट के सामने टीन शेड डाल कर प्रसादम भोजनालय के नाम से अतिक्रमण किया गया था, जिसे ध्वस्त कर दिया गया। इसके अतिरिक्त एक दर्जन से अधिक रेहड़ी पटरी वालों को भी हटाया गया। प्रवर्तन प्रभारी ने इस दौरान चेतावनी दी कि भविष्य में पुनः रोड पटरी आदि पर किसी तरह का अतिक्रमण किया जाता है तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उक्त कार्यवाही अभियंत्रण एवं प्रवर्तन के संयुक्त प्रयासों से संपन्न हुआ। कार्यवाही के समय अभियंत्रण और प्रवर्तन जोन-01 के तमाम स्टाफ के साथ प्राधिकरण का तमाम पुलिस बल स्टाफ और स्थानीय थाना पुलिस बल भी उपस्थित रहा।





# भारत विकास परिषद की मुख्य शाखा ने किया समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भारत विकास परिषद की मुख्य शाखा गाजियाबाद की ओर से राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता संगीत तरंग का भव्य आयोजन किया गया। कविनगर रामलीला मैदान स्थित जानकी भवन राम में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडीएम प्रशासन रणविजय सिंह थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में शाखा के पूर्व अध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता और एके गुप्ता उपस्थित थे। शाखा अध्यक्ष एड. अक्षय कुमार भारद्वाज ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रतियोगिता में 5 विद्यालयों की छात्राओं ने भाग लिया जिसमें प्रथम स्थान पर सुशीला देवी विद्यालय की छात्रा रहीं।

द्वितीय स्थान देहरादून पब्लिक स्कूल की टीम ने प्राप्त किया तृतीय स्थान कन्या वैदिक को प्राप्त हुआ। अतिथियों ने विजेता टीमों को शील्ड प्रमाणपत्र मेडल प्रदान किए। संचालन एड. भव्य गौड़ भवानी, प्राची जैन और योगेश गुप्ता ने किया।

# नेहरू वर्ल्ड स्कूल के दो खिलाड़ियों का अंडर-17 राष्ट्रीय बास्केटबॉल टीम में हुआ चयन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** यह गाजियाबाद के लिए गौरव की बात है। यहां के दो खिलाड़ियों का चयन भारतीय बास्केटबॉल की अंडर-17 टीम में किया गया। यह टीम एशिया कप के लिए भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। यह प्रतियोगिता आगामी दिनों मंगोलिया में खेली जाएगी। ये दोनों खिलाड़ी नेहरु वर्ल्ड स्कूल के छात्र है। दो छात्रों अंश तोमर और शौर्य पांडेय ने प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया। नेहरु वर्ल्ड स्कूल के तीन छात्रों का चयन प्रशिक्षण शिविर के लिए किया गया था। यह शिविर इंदिरा गांधी स्टेडियम, नई दिल्ली में 25 जुलाई से 29 अगस्त तक आयोजित किया गया। दो चयनित छात्रों के अतिरिक्त अन्य छात्र आयुष कुमार ने भी प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया। एशिया कप के लिए भारतीय टीम अपने पूल मैचों में ऑस्ट्रेलिया, लेबनान और बहरीन जैसी मजबूत टीमों से मुकाबला करेगी। स्कूल के निदेशक डॉ. अरुणाभ सिंह कहा कि यह चयन न केवल विद्यालय बल्कि गाजियाबाद के लिए, गौरव का विषय है। नेहरु वर्ल्ड स्कूल अपने विद्यार्थियों को इस असाधारण उपलब्धियों के लिए शुभकामनाएं देता है।



# नगर निगम आयुक्त ने सुनीं जनता की समस्याएं

## 25 शिकायतें दर्ज, सबसे अधिक सिविल विभाग से संबंधित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने सोमवार को जनसुनवाई कर शहरवासियों की समस्याएँ सुनीं। इस दौरान कुल 25 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें अधिकांश शिकायतें सिविल विभाग से जुड़ी रहीं। जनसुनवाई में आए नागरिकों ने सड़क, सीवर, जलापूर्ति और सफाई व्यवस्था से जुड़ी दिक्कतों को प्रमुखता से रखा। तालिका के अनुसार सिविल विभाग से 12, स्वास्थ्य से 3, लाइट से 2, प्रॉपर्टी से 1, जल विभाग से 4 और अतिक्रमण से 3 शिकायतें दर्ज की गईं।

आयुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और हर शिकायतकर्ता को समयबद्ध समाधान की जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य जनता और प्रशासन के बीच संवाद स्थापित कर पारदर्शिता और भरोसा कायम करना है। जनसुनवाई में मौजूद अधिकारियों को आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और यदि किसी शिकायत का समाधान समय पर नहीं हुआ तो संबंधित विभागाध्यक्ष पर कार्रवाई की जाएगी।

# सीएम योगी का ऐलान: यूपी में काम वाले युवाओं को मिलेगी न्यूनतम वेतन की गारंटी

## कंपनियां नहीं कर पाएंगी शोषण

**लखनऊ।** लखनऊ में तीन दिवसीय ह्वारोजगार महाकुंभ 2025 का उद्घाटन करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में काम करने वाले प्रत्येक युवा को न्यूनतम वेतन की गारंटी दी जाएगी। कोई भी कंपनी या नियोक्ता कर्मचारी का शोषण नहीं कर पाएगा। नियुक्ति देने वाली कंपनियां अपने कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन सुनिश्चित करेंगी, जबकि इसके अतिरिक्त शुल्क की जिम्मेदारी सरकार उठाएगी। मुख्यमंत्री ने साफ कहा कि



यह व्यवस्था युवाओं को सम्मानजनक रोजगार, नौकरी की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा करेगी।

इसी के साथ उत्तर प्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य बनेगा, जहां काम करने वाले हर युवा को न्यूनतम मजदूरी और न्यूनतम वेतन की गारंटी सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने युवाओं को अपार ऊर्जा का स्रोत बताते हुए कहा कि आज यूपी की प्रतिभा की मांग देश-दुनिया में हो रही है। कभी पूरा-का-पूरा गांव रोजगार के लिए प्रदेश छोड़कर पलायन करता था, लेकिन आज वही उत्तर प्रदेश रोजगार दे रहा है। मुख्यमंत्री ने विदेश में नौकरी पाने वाले 15 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। इसके अलावा श्रम विभाग के श्रम न्याय सेतु पोर्टल, औद्योगिक न्यायाधिकरण की वेबसाइट और ई-कोर्ट पोर्टल का शुभारंभ भी किया। इस मौके पर श्रम एवं रोजगार मंत्री अनिल राजभर, राज्यमंत्री मन्नू लाल कोरी और प्रमुख सचिव श्रम एमकेएस सुंदरम समेत तमाम अधिकारी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में एक जिला एक उत्पाद ने परंपरागत उद्यमों को नई पहचान दी गई है। कोरोना काल में 40 लाख से अधिक प्रवासी कामगार लौटे, तब इन्हीं एमएसएमई इकाइयों ने 90 प्रतिशत को रोजगार दिया। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने पंजीकरण करवाने वाले उद्यमियों को पांच लाख रुपये का सुरक्षा बीमा कवर उपलब्ध कराया है।

सीएम योगी ने कहा कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान और पीएम विश्वकर्मा योजनाओं के तहत बढ़ई, राजमिस्त्री, लोहार, सोनार, कुम्हार, मोची, नाई जैसे परंपरागत कामगारों को मुफ्त टूलकिट, सस्ता ऋण और ट्रेनिंग दी जा रही है। सीएम युवा उद्यमी स्कीम के तहत 70,000 से अधिक युवा जुड़ चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते आठ वर्षों में 8.5 लाख युवाओं को सरकारी नौकरियां दी गई हैं। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश स्टार्टअप मिशन और स्किल डेवलपमेंट मिशन के जरिए युवाओं को नई तकनीकों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ड्रोन टेक्नोलॉजी, रोबोटिक्स और इंटरनेट ऑफ थिंग्स की ट्रेनिंग दी जा रही है। टाटा टेक्नोलॉजी के सहयोग से आईटीआई और पॉलिटेक्निक संस्थानों में नई लैब और कोर्स शुरू किए गए हैं। विदेश भेजने से पहले विदेशी भाषाओं की जानकारी दी जा रही है।

# एक राजनीतिक पार्टी से जुड़े थे विवेक विहार डकैती कांड के मास्टरमाइंड के तार

## घटना प्रकाश में आते ही पार्टी ने चुपचाप कर दिया निलंबित

## फर्जी सीबीआई टीम बनकर डाली थी ढाई करोड़ की डकैती

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दिल्ली के विवेक विहार में फर्जी सीबीआई टीम बनकर छापेमारी कर ढाई करोड़ की डकैती मामले में जैसे जैसे जांच की परतें सामने आ रही है, वैसे वैसे नए खुलासे हो रहे है।

इस सनसनीखेज डकैती के तार गाजियाबाद से जुड़ गए है। इस डकैती की साजिश गाजियाबाद के विजयनगर में रहने वाले एक व्यक्ति ने बुनी थी। इस व्यक्ति का नाम महेश राज है।

वहीं, सूत्रों से पता चला है कि महेश राज का कनेक्शन एक राजनीतिक पार्टी से था। वह इस पार्टी का पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और विधानसभा प्रभारी है। महेश राज को पकड़ने के लिए पुलिस ने उसके आवास पर रेड डाली थी लेकिन वह फरार हो गया। इस राजनीतिक पार्टी ने अपनी छवि बचाने के लिए आनन फानन में उसे निलंबित कर दिया। हालांकि वह काफी समय से पार्टी में सक्रिय रहा।

गाजियाबाद निवासी मनप्रीत सिंह का विवेक विहार में प्रॉपर्टी डीलिंग, फाइनेंस, कंस्ट्रक्शन, कमिशन और कंसल्टेंसी का कारोबार है। उन्होंने विवेक विहार के बी-ब्लॉक में एक कोठी लीज पर ले रखी है। इस कार्यालय में ढाई करोड़ रुपये रखे थे। 19 अगस्त को दो कारों में सवार होकर महिलाओं समेत सात लोग सीबीआई रेड बताते हुए मंगलवार शाम 6 बजे वहां पहुंचे। एक कार में ह्वभारत सरकार लिखा था। एक कर्मचारी और कारोबारी के दोस्त की पिटाई कर ढाई करोड़ कैश कारों में भर ले गए। आरोपी दोनों को अपने साथ ले गए और रास्ते में उन्हें फेंक दिया।

इस मामले में पुलिस अब तक छह आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। इनसे 1 करोड़ 25 लाख 50 हजार रुपये बरामद हो गए हैं। लेकिन मास्टर माइंड महेश राज अभी भी फरार है।

बताया जाता है कि महेश राज पीड़ित मनप्रीत सिंह को पहले से ही जानता था। उसे पता था कि उसके आफिस में बड़ी रकम रखी हुई है। उसने अपने साथियों के साथ फर्जी सीबीआई टीम बनाकर ऑफिस में रेड की।

इस मामले की जांच में पुलिस क्राइम ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन नाम के एनजीओ के ऑफिस पहुंची, जहां से एनजीओ की सेक्रेटरी असम निवासी पपोरी बरुआ और तुगलकाबाद के दीपक को गिरफ्तार किया।

इनसे 1 करोड़ आठ लाख और 17 लाख 50 हजार रुपये बरामद कर लिए। इनसे पूछताछ के आधार पर एनजीओ के डायरेक्टर राम सिंह मीणा को भी पकड़ा गया। इस डकैती में अब महेश राज को दिल्ली की क्राइम ब्रांच और गाजियाबाद पुलिस सरगर्मी से तलाश रही है।

# उत्तर प्रदेश उद्यमी विकास संघ का स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह सम्पन्न

## मंत्री असीम अरुण और सांसद अतुल गर्ग रहे मुख्य अतिथि, उद्यमियों की समस्याएं सुनीं





**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश उद्यमी विकास संघ का स्थापना दिवस एवं उद्यमी सम्मान कार्यक्रम मंगलवार को राजनगर स्थित फॉर्च्यून होटल में भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार में मंत्री एवं जनपद प्रभारी असीम अरुण उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर विधायक संजीव शर्मा और भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन मनोज शर्मा ने किया।

### उद्यमियों का सम्मान और समस्याओं पर संवाद

**करंट क्राइम।** संगठन अध्यक्ष उपेंद्र गोयल ने संगठन के उद्देश्य और गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संगठन का ध्येय उद्यमियों के विकास और उनके अधिकारों की रक्षा करना है। इस अवसर पर महिला उद्यमियों सीमा सोनी मालिक और संगीता मालिक को सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त संजीव गुप्ता (चेयरमैन, समरकूल), राज ढींगरा (निदेशक, वीके टायर्स), राघवेंद्र गोयल (निदेशक, पसोडिया केबल्स) और संजीव सचदेव (निदेशक, ओरियन प्रोतोशी) का अभिनंदन किया गया। मंत्री असीम अरुण ने उद्यमियों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार उद्योग जगत की ताकत से ही विकास के लक्ष्य को प्राप्त कर सकती है। इस दौरान उद्यमियों ने यूपीसीडा के उत्पीड़नात्मक रवैये पर विशेष चिंता व्यक्त की।

### अभूतपूर्व उपस्थिति

**करंट क्राइम।** कार्यक्रम में शहर के जाने-माने उद्यमियों और गणमान्य व्यक्तियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। जिनमें सुशील अरोड़ा, अतुल जैन, अनिल गर्ग, रामावतार जिंदल, अनिल सांवरिया, अजीत सिंह नंदा, राकेश छारिया, राकेश अनेजा, जेपी कौशिक, प्रदीप गुप्ता, मनोज अग्रवाल, धूरेंद्र गोयल समेत अनेक उद्यमी व वरिष्ठ पत्रकार उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में संजीव सचदेव ने धन्यवाद ज्ञापन किया और अतिथियों को जलपान के लिए आमंत्रित किया।




### कौन सा वैश्य लीडर करा रहा है विधानसभा में बिरादरी वोटों का सर्वे

चुनाव अभी दूर है लेकिन रणनीति तो अभी से बनाई जायेगी। सबसे खास बात ये है कि चुनाव लड़ने की तमन्ना पूरी और चुनाव लड़ने की बात सभी से छुपाई जायेगी। जब से एक वैश्य नेता ने यह सुना है कि मुरादनगर सीट पर वैश्य, साहिबाबाद में ठाकुर और शहर पर ब्राह्मण लाने की तैयारी है तो उन्होंने अपनी तैयारी को और अधिक धार दे दी है। अलाने जी भाई साहब से लेकर फलाने जी भाईसाहब को इन वैश्य नेता का नाम जुबानी और खानदानी याद होगा। सितम ये है कि अब ये वैश्य फेस अपना बेस एक विधानसभा सीट पर बनाने की तैयारी कर रहे हैं। वो हर जगह ये बताना नहीं भूल रहे कि भाई साहब इस सीट पर डेढ लाख वैश्य मतदाता हैं। तो यहां तो वैश्य कंसीडर होना चाहिए। बताने वाले बता रहे हैं कि वैश्य नेता इस बात का राग हर जगह गा रहे हैं और वो ये बता रहे हैं कि इस विधानसभा सीट पर डेढ लाख बनिया वोट हैं। मगर बिरादरी वाले भी कम नहीं हैं और वो भी याद दिला रहे हैं कि बिरादरी वाले इस सीट पर लड़ भी चुके हैं और हार भी चुके हैं। तब ये डेढ लाख वोट क्या अग्रोहा धाम चले गये थे।

### पूछता है शहर क्यों ढाया जा रहा है हम पर ये बदजुबानी का कहर

जनता के जिताये जन ही अब जनता को आंख दिखा रहे हैं। वो फूल वाले हैं और अब जगह जगह जाकर जनता को रूल बता रहे हैं। सिल बट्टे वाली से लेकर फल वाले बता रहे है कि बड़ी वाल कार आई और कार से उतर कर किसी ने उन्हें ऐसे फटकार लगाई जैसे प्रवर्तन प्रभारी ही साक्षात्कार आ गये हों। बाल्मिकी पार्क के बाहर सिलबट्टे बना रही महिला वर्षों से यहीं हैं। पर पहली बार उसने शहर में किसी की बदजुबानी का कहर देखा। किसी ने कार से उतर कर उन्हें बिना बात की फटकार लगाई और कहा कि कल से यहां मत दिखना। सितम केवल सिलबट्टों पर ही नहीं थमा है और होली चाईल्ड के पास फल वाला बता रहा है कि हाल कुछ उसका भी ऐसा ही हुआ है। उससे भी पूछा गया है कि तू यहां कैसे खड़ा हो गया। सुना है उसे तो घर पर तलब किया है।

### अगर हुआ क्रास वोट तो महिला पार्षद के पति लेंगे क्या उसके बदले नोट

कार्यकारिणी का चुनाव आ गया है और इस बार जो सीन है वो बता रहा है कि घमासान संगीन होने वाला है। विश्वास का ऐसा बैंड बजेगा कि अविश्वास वाला रायता फैल जायेगा। सुना है कि दो दर्जन से ज्यादा मोहल्ला प्रधान अब खुली बगावत पर आयेंगे और क्रास वोट होगा। जो पुराने खिलाड़ी हैं वो जानते हैं कि वोट का खेल बिना नोट के नहीं होता है। उन्हें तो पुराने रेट भी पता हैं और नए रेटों का एक दूसरे से पूछा जा रहा है। इन सबके बीच पार्षद श्रीमती की बात हुई और उस प्रजाति का जिक्र हुआ जो सियासत में पार्षद पति के रूप में अवतरित हुई है। नाली का नारियल फूटेगा तो दो फूलों की माला ये प्रजाति अपने गले में पहन लेगी। अफसर के कमरे में फाईल लेकर स्टाईल दिखाते यही प्रजाति मिलेगी। अब निगम वालों ने ही चुटकी ली और पूछा कि इसमें तो कोई अगर या मगर है ही नहीं कि वोट अगर क्रास हुआ तो नोट का रोल रहेगा। उसने पूछा कि मैडम पार्षद के वोट की गारंटी पार्षद पति लेंगे और अगर बात बन गई तो पैसे भी वो ही लेंगे।

# दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर सिपाही की मौत के बाद भी नहीं लगे बैरियर, कांस्टेबल ड्यूटी पर तैनात



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे पर सड़क हादसे में एक कांस्टेबल की मौत के बाद ट्रैफिक कर्मियों ने बिना सुरक्षा के एक्सप्रेसवे पर ड्यूटी करने से इनकार कर दिया। कांस्टेबलों की नाराजगी को देखते हुए अधिकारियों ने तय किया कि एक्सप्रेसवे के प्रवेश और निकास द्वारों पर सभी जगह बैरियर लगाए जाएंगे। ये बैरियर इस तरह लगाए जाएंगे कि ट्रैफिक कर्मी सुरक्षित खड़े रह सकें।

हालांकि, मंगलवार को बैरियर नहीं लग सके। कांस्टेबल की मौत के मामले में विजय नगर थाने में दर्ज मुकदमे में पुलिस कांस्टेबल के परिजनों के आने का इंतजार कर रही है। उनके बयान लिए जाने हैं।

आईपीईएम के सामने एग्जिट प्वाइंट पर ट्रैफिक कांस्टेबल विपिन कुमार को शुक्रवार शाम एक तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल कांस्टेबल की शनिवार देर रात अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना का वीडियो सामने आने के बाद साफ हो गया कि कार चालक ने जानबूझकर कांस्टेबल को टक्कर मारी थी। इस घटना के बाद ट्रैफिक कर्मियों ने अधिकारियों से मिलकर नाराजगी जताई और कहा कि बिना सुरक्षा के एक्सप्रेसवे पर ड्यूटी न लगाई जाए। हालांकि, ड्यूटी अभी भी जारी है। मंगलवार को भी ट्रैफि क कर्मी उसी जगह पर ड्यूटी करते देखे गए जहां शुक्रवार शाम को हादसा हुआ था।

# साइबर सेल विजय नगर ने पीड़ित को लौटाए 7600 रुपये

## ऑनलाइन ठगी की रकम बैंक से रिकवर कर पीड़ित को सौंपी

**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाज़ियाबाद के अंतर्गत थाना विजयनगर की साइबर सेल ने सराहनीय कार्यवाही करते हुए एक पीड़ित को ऑनलाइन ठगी में गुम हुए 7600 रुपये वापस दिलाए। जानकारी के मुताबिक विजयनगर क्षेत्र के निवासी दिशा कुमार पुत्र नरेश कुमार साइबर फ्रॉड का शिकार हुए थे। 21 जुलाई 2025 को ठगी की यह शिकायत एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से साइबर सेल को प्राप्त हुई थी। टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए ठगी गई रकम को बैंक से होल्ड कराया और लगातार प्रयासों के बाद 26 अगस्त 2025 को पूरी धनराशि वापस दिलवा दी। पीड़ित दिशा कुमार ने थाना विजयनगर पहुंचकर पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया।



### ऑनलाइन ठगी से बचाव

- संदिग्ध लिंक या ईमेल पर क्लिक न करें
- अजनबी कॉल पर डळढ या बैंक जानकारी साझा न करें
- ठगी होने पर तुरंत 1930 पर कॉल करें
- शिकायत दर्ज करने के लिए www.cybercrime.gov.in पर जाएं

# अखिल भारतीय वीर गुर्जर महासभा ने मनाया 16वां अंतरराष्ट्रीय गुर्जर दिवस

## वसुंधरा सेक्टर-2 स्थित गुर्जर सम्राट मिहिर भोज चौक पर प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** अखिल भारतीय वीर गुर्जर महासभा (एबीवीजी) द्वारा मंगलवार को 16वां अंतरराष्ट्रीय गुर्जर दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर वसुंधरा सेक्टर-2 स्थित गुर्जर सम्राट मिहिर भोज चौक पर बड़ी संख्या में समाज के लोग एकत्र हुए और सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया।

### गुर्जर समाज के लिए गौरव का दिन : विवेक भाटी



**करंट क्राइम।** गुर्जर भवन अध्यक्ष विवेक भाटी ने इस अवसर पर कहा कि गुर्जर सम्राट मिहिर भोज केवल गुर्जर समाज ही नहीं, बल्कि पूरे भारतवर्ष के लिए गौरव थे। उनका पराक्रम और न्यायप्रियता आज भी हमें प्रेरित करती है। अंतरराष्ट्रीय गुर्जर दिवस हमें अपनी ऐतिहासिक धरोहर और एकता का स्मरण कराता है।

### बड़ी संख्या में लोग रहे मौजूद

**करंट क्राइम।** समारोह में किसान नेता मास्टर मनोज नागर, गुर्जर भवन अध्यक्ष विवेक भाटी, भाजपा नेता यतेन्द्र नागर, एकलव्य बैसला, अर्जुन नागर, सिद्धार्थ चौधरी, प्रियांक विकल, सतीश नागर, रूपचंद नागर, विनोद कसाना, हरिंदर मावी, सुभाष प्रधान, आशीष चौधरी, लोकेश चौधरी, मोहित नागर, राजीव कसाना, रॉबिन भड़ाना, कपिल मावी, विकास खारी, नरेंद्र नागर, परवीन चपराना, संदीप गुर्जर, प्रिंस धामा, अभिषेक भाटी, सचिन खारी, विकास भाटी, मित्रपाल चौहान, रवि गुर्जर, रवींद्र नागर, युग गुर्जर और केशव भाटी समेत बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### कौन थे सम्राट मिहिर भोज

**करंट क्राइम।** गुर्जर प्रतिहार वंश के प्रतापी सम्राट मिहिर भोज ने लगभग 50 वर्षों तक शासन किया। उन्हें आदिवराह चक्रवर्ती सम्राट भी कहा जाता है। गुर्जर प्रतिहार वंश ने 300 वर्षों तक विदेशी आक्रमणकारियों को भारत में प्रवेश नहीं करने दिया। सम्राट मिहिर भोज ने मध्यप्रदेश, बटेश्वर और मुरैना में लगभग 200 मंदिरों का निर्माण कराया जो आज भी उनकी गौरवगाथा का प्रतीक हैं। इतिहासकार मानते हैं कि उनका साम्राज्य आधुनिक भारत के राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, उड़ीसा, गुजरात और हिमाचल प्रदेश तक फैला हुआ था। उनकी 36 लाख की सेना में 36 बिरादरी के लोग शामिल थे। गुर्जर समाज वर्ष 2010 से उनकी जयंती को अंतरराष्ट्रीय गुर्जर दिवस के रूप में मना रहा है।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम

**DrAnil Agrawal**
10h ·

जनता सेवा परमधर्म...!!

प्रतिदिन की तरह अपने आवास पर लोगों की समस्याओं को सुन संबंधित अधिकारीगण से बात कर समाधान हेतु कार्य किया...!!



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल हमेशा जन समस्याओं के समाधान के लिए प्रयासरत रहते हैं। यह उनकी राजनीति का एक खूबसूरत अंदाज है कि वह कभी भी अपने आवास पर आए किसी आम आदमी को नजर अंदाज नहीं करते। जनता की बात है तो उसे सुनते हैं और समाधान करते हैं। जनसुनवाई के एक पल को उन्होंने फेसबुक पर साझा किया। पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. हिमानी अग्रवाल ने सुनी पीड़ित महिलाओं की व्यथा

## राखी पहलवान से की मुलाकात, न्याय दिलाने का दिया भरोसा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. हिमानी अग्रवाल ने मंगलवार को कलैक्ट्रेट परिसर में धरने पर बैठी राखी पहलवान से मुलाकात की। उन्होंने अनशन पर बैठी राखी पहलवान को आश्वस्त किया कि आयोग उनकी हर संभव सहायता करेगा। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारियों को मामले का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश भी दिए। जनसुनवाई के मौके पर उप जिलाधिकारी गाजियाबाद राम शंकर, एसीपी महिला अपराध सलोनी अग्रवाल, एसीपी कवि नगर भास्कर वर्मा, विधि सह परिवीक्षा अधिकारी लोकेन्द्र सिंह, वन स्टॉप सेंटर प्रशासक प्रीति मलिक और परामर्शदाता अंजना चौहान मौजूद रहीं।



### लोनी में आत्महत्या पीड़िता के परिजनों से मिलीं डॉ. हिमानी

**करंट क्राइम।** जनसुनवाई के बाद डॉ. हिमानी अग्रवाल लोनी क्षेत्र के बाग रनाप पहुंचीं, जहाँ उन्होंने हाल ही में आत्महत्या करने वाली महिला के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाते हुए शासन की ओर से हर संभव सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। साथ ही पुलिस को निष्पक्ष व त्वरित जांच करने के निर्देश दिए। इस दौरान तहसीलदार लोनी जयप्रकाश, एसीपी सिद्धार्थ गौतम, थानाध्यक्ष मुकेश सोलंकी, विधि सह परिवीक्षा अधिकारी लोकेन्द्र सिंह, वन स्टॉप सेंटर प्रशासक प्रीति मलिक और परामर्शदाता अंजना चौहान सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# वार्ड 40 के साहिबाबाद गांव के प्राथमिक स्कूल में लगा वाटर कूलर, बच्चों को मिलेगा ठंडा पानी

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद गांव स्थित प्राथमिक स्कूल में मंगलवार को सराहनीय पहल देखने को मिली। विद्यालय के छात्र-छात्राओं के हित में सुनीता मिश्रा बेटी रूपम मिश्रा द्वारा अपने स्वर्गीय परिजनों प्रमोद मिश्रा व मंजीत मिश्रा की पावन स्मृति में आरओ के साथ वाटर कूलर स्कूल को भेंट किए गए। इस सामाजिक योगदान से स्कूल में पढ़ने वाले लगभग 500 बच्चों को स्वच्छ एवं ठंडा पानी उपलब्ध होगा। इस पहल से न केवल बच्चों को सुविधा मिलेगी, बल्कि स्वास्थ्यवर्धक वातावरण भी सुनिश्चित होगा।



इस मौके पर क्षेत्रीय पार्षद हिमांशु चौधरी ने वाटर कूलर का उद्घाटन कर स्कूल को समर्पित किया। वही सुनीता मिश्रा व रुपम मिश्रा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी सामाजिक पहलें समाज के लिए प्रेरणा हैं। मिश्रा परिवार ने जो योगदान दिया है, वह आने वाली पीढ़ियों को लंबे समय तक लाभ पहुँचाएगा। इस मौके पर स्कूली बच्चों में पार्षद का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे क्षेत्र का पार्षद हमेशा स्कूल के बच्चों की समस्या के लिए तत्पर रहते हैं, और समय रहते ही निस्तारण करा देते हैं। पार्षद हिमांशु चौधरी ने कहा कि वह अपने आपको बहुत गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। यह हमारा सौभाग्य है कि स्कूल में वाटर कूलर लगाया गया है और अपने विचार रखे तथा विश्वास दिलाया कि स्कूल को अपनी तरफ से हर संभव मदद करेंगे।

# 'विराट कोहली की टेस्ट सफलताओं में चेतेश्वर पुजारा का बड़ा योगदान', अश्विन का बड़ा बयान

**नई दिल्ली।** भारत के दिग्गज ऑफ-स्पिनर आर अश्विन ने हाल ही में एक अहम खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि विराट कोहली के टेस्ट करियर की सफलताओं में चेतेश्वर पुजारा का महत्वपूर्ण हाथ रहा है। अश्विन के मुताबिक, हर क्रिकेटर को सुर्खियां नहीं मिलतीं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि उनका योगदान कम है।





## पुजारा की भूमिका अहम

अश्विन ने कहा कि नंबर तीन पर पुजारा की मौजूदगी ने कई बार कोहली को खुलकर खेलने का मौका दिया। उन्होंने माना कि पुजारा का धैर्य और उनकी बल्लेबाजी शैली ने भारतीय पारी को स्थिरता दी, जिससे बाद में आने वाले बल्लेबाजों को रन बनाने का सही माहौल मिला। अश्विन ने यह भी जोड़ा कि चाहे लोग मानें या न मानें, लेकिन पुजारा की यह भूमिका विराट कोहली के बड़े स्कोर बनाने में बेहद अहम रही है।

अश्विन ने जोर देकर कहा कि क्रिकेट में हमेशा रन बनाने वाले खिलाड़ी ही सुर्खियों में रहते हैं। लेकिन जो खिलाड़ी मंच तैयार करते हैं, उनका योगदान अक्सर नजरअंदाज हो जाता है। पुजारा उन्हीं में से एक हैं। उनकी सख्त डिफेंस और लंबे समय तक क्रीज पर टिके रहने की क्षमता ने कई बार भारत को मुश्किल हालात से निकाला और कोहली जैसे बल्लेबाजों को चमकने का मौका दिया।

### कोहली की उपलब्धियों पर असर

विराट कोहली ने अपने टेस्ट करियर में कई शानदार पारियां खेली हैं और दुनिया के बेहतरीन बल्लेबाजों में जगह बनाई है। लेकिन अश्विन का मानना है कि इन सफलताओं में एक बड़ा हिस्सा पुजारा के योगदान का भी है। उनकी स्थिरता ने कोहली को वह आत्मविश्वास दिया, जिससे वे अपने नैचुरल अंदाज में रन बना सके। चेतेश्वर पुजारा लंबे समय तक भारतीय टेस्ट टीम के भरोसेमंद खिलाड़ी रहे हैं। हालांकि उन्हें सफेद गेंद के क्रिकेट में जगह नहीं मिली, लेकिन टेस्ट में उनका प्रदर्शन हमेशा काबिल-ए-तारीफ रहा। अश्विन के इस बयान ने पुजारा के महत्व को एक बार फिर सुर्खियों में ला दिया है। पुजारा ने हाल ही में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास का एलान किया।

# सहवाग के बेटे आर्यवीर ने गिल को धोनी और रोहित से बेहतर बताया

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय विस्फोटक बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर सहवाग ने हाल ही में एक बयान देकर क्रिकेट प्रेमियों को हैरान कर दिया है। महज 17 साल के आर्यवीर इस समय दिल्ली प्रीमियर लीग (उ्ढछ 2025) में खेल रहे हैं, जहां उन्हें सेंट्रल दिल्ली किंग्स टीम ने आठ लाख रुपये में खरीदा है। अभी क्रिकेट के शुरूआती दौर में ही उन्होंने ऐसा बयान दिया है, जिसने सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया।



दरअसल, एक इंटरैक्टिव सेशन के दौरान आर्यविर को 'दिस और दैट' (ळँ२ ङ्म१ ळँ३) नाम का गेम खेलने को कहा गया। इसमें उन्हें अलग-अलग दिग्गज खिलाड़ियों के बीच चुनाव करना था। इसी क्रम में जब उन्हें शुभमन गिल और अन्य खिलाड़ियों के बीच फैसला लेना पड़ा तो उन्होंने बिना झिझके गिल का नाम लिया। खास बात यह रही कि आर्यवीर ने शुभमन गिल को एमएस धोनी और रोहित शर्मा से बेहतर बताया। यह फैसला चौंकाने वाला था क्योंकि धोनी भारतीय क्रिकेट इतिहास के सबसे सफल कप्तानों में गिने जाते हैं और रोहित शर्मा मौजूदा समय में वनडे में भारतीय टीम के कप्तान हैं और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में शुमार है। उनके नाम तीनों फॉर्मेट में कई बड़ी उपलब्धियां दर्ज हैं।

आर्यवीर के सामने गिल की तुलना रोहित और धोनी के अलावा अभिषेक शर्मा, केएल राहुल, ऋषभ पंत, हार्दिक पांड्या, श्रेयस अय्यर और संजू सैमसन से हुई, लेकिन आर्यवीर ने हर जगह गिल को ही तवज्जो दी। इसके बाद 17 साल के आर्यवीर ने शुभमन गिल पर विराट कोहली को तरजीह दी। इतना ही नहीं, आर्यवीर ने कोहली को सचिन तेंदुलकर पर भी तरजीह दी। उन्होंने कोहली को अपने दौर का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज बताया और उनके साथ खेलने की इच्छा भी जाहिर की। उन्होंने कहा कि भले ही सचिन तेंदुलकर को उनके पिता वीरेंद्र सहवाग की पहली पसंद माना जाता है, लेकिन उनके लिए इस दौर के सबसे बड़े बल्लेबाज विराट कोहली ही हैं।

# इंटर काशी आई लीग चैंपियन तो बन गई, पर न ट्रॉफी मिली न एक करोड़

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के आधिकारिक पत्र के अनुसार इंटर काशी ने आई लीग 2024-25 का खिताब जीतने के बावजूद चैंपियन की ट्रॉफी और एक करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि अब तक हासिल नहीं की है। दरअसल, पिछले सत्र में चर्चिल ब्रदर्स पर आई लीग से निलंबन लगाया गया था। इसके बावजूद चर्चिल ने चैंपियन ट्रॉफी अपने पास रखी हुई है और अब तक उसे एआईएफएफ को लौटाया नहीं है।

एआईएफएफ ने आई लीग संचालन समिति की बैठक में यह मामला रखा था। समिति ने फैसला लिया कि चर्चिल को निलंबित करने का मतलब है कि क्लब अब किसी भी टूनार्मेंट में भाग लेने का पात्र नहीं है। लिहाजा, उसकी ओर से ट्रॉफी लौटाना जरूरी है। इसके बाद यह मामला एआईएफएफ की अपील समिति और फिर फुटबॉल महासंघ की सुलह व पंचाट समिति में गया।



### रिक्स कोर्ट में अपील खारिज, फिर भी नहीं दी ट्रॉफी

चर्चिल ने खेल पंचाट के रिक्स कोर्ट में फैसले को चुनौती दी थी, लेकिन वहां भी उसकी अपील खारिज हो गई। इसके बावजूद क्लब ने ट्रॉफी लौटाई नहीं है। यही वजह है कि इंटर काशी क्लब प्रबंधन लगातार एआईएफएफ और अन्य अधिकारियों से ट्रॉफी एवं एक करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि दिलाने की गुहार लगा रहा है।

## फुटबॉल महासंघ ने स्वीकार किया पंचाट का फैसला

पंचाट समिति ने स्पष्ट किया कि चर्चिल को ट्रॉफी लौटानी होगी और इंटर काशी को चैंपियन घोषित किया जाएगा। इस फैसले को एआईएफएफ ने स्वीकार भी कर लिया। इसके बाद इंटर काशी को आधिकारिक रूप से आई लीग का चैंपियन घोषित कर दिया गया।

इंटर काशी के अध्यक्ष प्रिथिजीत बनर्जी ने कहा कि क्लब का विजेता बनना यूपी की फुटबॉल के लिए बड़ा मौका है। अगर हमें समारोह में यह ट्रॉफी मिले तो यहां के युवा फुटबॉलरों में अलग संदेश जाएगा। वाराणसी के क्लब का आई लीग विजेता बनना यूपी की फुटबॉल में बड़ा बदलाव ला सकता है, पर विजेता होने के बावजूद हम जश्न नहीं मना पा रहे। हमने नियमों का पालन करते हुए चैंपियनशिप जीती है। अब एआईएफएफ को सुनिश्चित करना चाहिए कि हमें हमारी ट्रॉफी और इनामी राशि तुरंत मिले।

# ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन मेडिसन कीस पहले दौर में हारीं, दिग्गज पेत्रा क्वितोवा ने टेनिस को अलविदा कहा

**ऑस्ट्रेलिया।** ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन मेडिसन कीस को अमेरिकी ओपन के पहले दौर में मैक्सिको की 82वीं रैंकिंग वाली रेनेटा जाराजुआ ने हराकर उलटफेर कर दिया। वहीं, दो बार की विंबलडन चैंपियन पेत्रा क्वितोवा ने अमेरिकी ओपन के पहले दौर में डायने पैरी से मिली हार के बाद टेनिस को अलविदा कह दिया।



## कीस ने मैच में की कई गलतियां

छठी वरीयता प्राप्त कीस ने 89 सहज गलतियां और 14 डबल फाल्ट किये जिसकी वजह से उन्हें 7-6, 6-7, 5-6 से पराजय का सामना करना पड़ा। अन्य मुकाबलों में ब्राजील के 19 वर्ष के जोओ फोंसेका ने अमेरिकी ओपन में डेब्यू के साथ जीत दर्ज करते हुए मियोमीर केसमानोविच को 7-6, 7-6, 6-3 से हराया। वहीं कनाडा की 18 वर्ष की विकी एमबोको ने दो बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन बारबोरा क्रेसिकोवा को 6-3, 6-2 से मात दी। वहीं 2022 में सेमीफाइनल तक पहुंचीं कैरोलिन गार्सिया अपने कैरियर के आखिरी टूनार्मेंट में कामिला रखिमोवा से 6-4, 4-6, 6-3 से हारकर बाहर हो गईं।

वहीं, दो बार की विंबलडन चैंपियन पेत्रा क्वितोवा को डायने पैरी ने 6-1, 6-0 से हराया। मुकाबला खत्म होने के बाद क्वितोवा की आंखें भर आईं। दर्शक दीर्घा में मौजूद उनके पति और कोच जिरि वानेक ने उन्हें गले लगाया। पिछले साल जुलाई में बेटे को जन्म देने वाली क्वितोवा 17 महीने बाद कोर्ट पर लौटी थीं। उन्होंने इस साल की शुरूआत में ही कह दिया था कि अमेरिकी ओपन उनका आखिरी टूनार्मेंट होगा।

मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने बताया कि कुछ सप्ताह पहले वह कोविड 19 संक्रमण का शिकार होने के कारण अमेरिकी ओपन से नाम वापिस लेने की सोच रही थीं। उन्होंने कहा, 'सुबह उठने के बाद से मुझे लग रहा था कि कुछ अच्छा नहीं होगा। मैं खा नहीं सकी। मैं काफी नर्वस थी और कुछ कर नहीं पा रही थी। यह काफी कठिन था। मैंने कभी ऐसा अनुभव नहीं किया था।'

### 2016 में क्वितोवा पर हुआ था हमला

क्वितोवा ने 2011 में मारिया शारापोवा को हराकर विंबलडन खिताब जीता था। इसके बाद 2014 में यूजीन बूचार्ड को हराकर खिताब अपने नाम किया। ऑस्ट्रेलियाई ओपन 2019 के फाइनल में उन्हें नाओमी ओसाका ने हराया था। दिसंबर 2016 में उनके घर पर एक घुसपैठिये ने उन पर चाकू से हमला किया जिससे लगी चोट से उबरने के लिए उन्हें लंबी सर्जरी करानी पड़ी थी।

# अर्जुन तेंदुलकर की सगाई को लेकर सचिन ने तोड़ी चुप्पी, सानिया के साथ नाम जुड़ने पर दिया जवाब



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने अपने बेटे अर्जुन तेंदुलकर की सगाई की खबरों को लेकर चुप्पी तोड़ी है और सानिया चंदोक के साथ रिश्तों को लेकर सच्चाई बताई है। हाल ही में ऐसी खबरें आई थी कि अर्जुन और सानिया की एक निजी कार्यक्रम में सगाई हो गई है। हालांकि, दोनों ही परिवार की ओर से सगाई की खबर की पुष्टि नहीं की गई है। लेकिन अब सचिन ने इसकी पुष्टि कर दी है।

## प्रसिद्ध व्यवसायी रवि घई की पोती हैं सानिया

सानिया मुंबई के प्रसिद्ध व्यवसायी रवि घई की पोती हैं। घई परिवार हॉस्पिटेलिटी और खाद्य क्षेत्र में सुप्रसिद्ध है, जिसके पास इंटरकॉन्टिनेंटल होटल और आइसक्रीम ब्रांड ब्रुकलिन क्रीमरी का स्वामित्व है। रिपोर्ट की मानें तो अर्जुन और सानिया की सगाई एक निजी कार्यक्रम में हुई जिसमें करीबी दोस्त और दोनों परिवार के सदस्य शामिल हुए थे।

दरअसल, सचिन ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर 'आस्क मी एनिथिंग' (मुझसे कुछ भी पूछो) नाम का सत्र चलाया जिसमें एक यूजर ने सचिन से पूछा, 'क्या अर्जुन की सचमुच सगाई हो गई है?' इस पर सचिन ने जवाब देते हुए लिखा, हां, ऐसा हुआ है और हम सभी उनके जीवन के नए अध्याय के लिए बहुत उत्साहित हैं।

# हॉकी इंडिया का फैंस को तोहफा, बिहार के राजगीर में होने वाले एशिया कप में दर्शकों को निशुल्क प्रवेश

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने गुरुवार को घोषणा की कि 29 अगस्त से शुरू हो रहे एशिया कप में दर्शकों को मुफ्त प्रवेश मिलेगा। हॉकी इंडिया ने एक बयान में कहा, 'प्रशंसक डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू टिकट जिनी डॉट इन या हॉकी इंडिया ऐप के जरिये मुफ्त टिकट पा सकते हैं। उन्हें प्रक्रिया पूरी करने पर वर्चुअल टिकट मिलेगा।



## आठ टीमें लेंगी हिस्सा

हीरो पुरूष एशिया कप में आठ टीमें भारत, जापान, चीन, कजाखस्तान, मलेशिया, कोरिया, बांग्लादेश और चीनी ताइपै भाग लेंगे। यह 2026 में नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले विश्व कप का क्वालिफायर टूनार्मेंट भी है। भारत को पूल ए में जापान, चीन और कजाखस्तान के साथ रखा गया है। भारत को 29 अगस्त को चीन से, 31 को जापान और एक सितंबर को कजाखस्तान से खेलना है।

## 2017 में जीता था पिछला खिताब

मौजूदा ओलंपिक कांस्य पदक विजेता और एशिया की नंबर एक टीम भारत ने आखिरी बार 2017 में ढाका में एशिया कप का खिताब जीता था। तब उसने फाइनल में मलयेशिया को 2-1 से हराया था। भारतीय टीम 2022 में जकार्ता में खेले गए एशिया कप में दक्षिण कोरिया और मलेशिया के बाद तीसरे स्थान पर रहा था।

## पूर्व खिलाड़ियों ने भारत को दावेदार बताया

हॉकी के पूर्व दिग्गज खिलाड़ियों का मानना है कि भारत बिहार के राजगीर में होने वाले आगामी पुरुष एशिया कप को जीतने और अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड की संयुक्त मेजबानी में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालिफाई करने का प्रबल दावेदार है। भारत की 1975 विश्व कप विजेता टीम के कप्तान अजीतपाल सिंह ने हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली टीम को प्रबल दावेदार बताया, लेकिन खिलाड़ियों को आत्ममुग्धता से बचने के लिए भी चेताया।

## ट्रॉफी का हुआ अनावरण

खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने एशिया कप 2025 ट्रॉफी का अनावरण किया, जिसके साथ ही टूनार्मेंट की उल्टी गिनती शुरू हो गई। एशिया कप ट्रॉफी के अनावरण के अवसर पर तीन बार के ओलंपिक पदक विजेता हरबिंदर सिंह और पूर्व खिलाड़ी अशोक ध्यानचंद भी उपस्थित थे।

### भारत के अनुभव सचान ने रचा इतिहास

# यूके यूनिवर्सिटी पोलो चैंपियनशिप जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने







**नई दिल्ली।** भारत के युवा खिलाड़ी अनुभव सचान ने यूनाइटेड किंगडम में इतिहास रच दिया है। उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ वारविक की बी3 टीम के साथ यूनिवर्सिटी पोलो चैंपियनशिप (रवढअ) का खिताब जीतकर यह उपलब्धि हासिल की। खास बात यह है कि वे ऐसा करने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने हैं। उनकी इस सफलता को ब्रिटेन की प्रतिष्ठित पत्रिका पोलो टाइम्स ने भी 2025 संस्करण में जगह दी है।

कानपुर में जन्मे अनुभव सचान का घोड़ों से जुड़ाव किसी आलीशान पोलो ग्राउंड से नहीं, बल्कि लखनऊ रेसकोर्स से शुरू हुआ, जहां उन्होंने पहली बार घुड़सवारी सीखी। वहीं से निकला यह लगाव उन्हें ब्रिटेन के पोलो मैदानों तक ले आया। स्कूलिंग उन्होंने द सिंधिया स्कूल से की, जहां वे डिप्टी हेड बॉय, डिबेटिंग सोसाइटी के सचिव और फुटबॉल टीम के सदस्य रहे।

## शिक्षा और नेतृत्व की भूमिका

वर्तमान में अनुभव यूनिवर्सिटी ऑफ वारविक में फिलॉसफी, पॉलिटिक्स और इकोनॉमिक्स के छात्र हैं। इसके साथ ही वे वारविक कांग्रेस के अध्यक्ष भी हैं और राजनीति, नीति-निर्माण व वैश्विक विषयों पर छात्र-नेतृत्व वाले संवाद का संचालन करते हैं।

## पोलो की दुनिया में शुरूआत

दिलचस्प बात यह है कि अनुभव ने जब वारविक पोलो क्लब जॉइन किया, तब उनके पास पोलो का कोई अनुभव नहीं था। पढ़ाई और कठिन प्रशिक्षण के बीच तालमेल बैठाना आसान नहीं था, लेकिन लगातार अभ्यास और समर्पण ने उन्हें सफलता दिलाई।

## बड़ी जीत और नया लक्ष्य

2025 के रवढअ नेशनल्स में उनकी टीम ने डर्हम, ऑक्सफोर्ड और नॉटिंघम जैसी मजबूत टीमों को हराकर खिताब जीता। अनुभव का मानना है कि पोलो सिर्फ खेल नहीं, बल्कि धैर्य, टीमवर्क और नेतृत्व का विद्यालय है। उनके शब्दों में, 'मेरे लिए यह हमेशा जीतने से ज्यादा सीखने और बेहतर बनने की बात रही है। घोड़े के साथ जुड़ाव, टीम के साथ तालमेल और खेल का अनुशासन आपको धैर्य और आत्मविश्वास सिखाता है।'

## अनुभव का सपना

अनुभव का सपना है कि भारत में घुड़सवारी और पोलो को नई दिशा मिले। वे चाहते हैं कि अधिक से अधिक युवा इस खेल से जुड़ें और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन करें।

# 'काश नतीजा बदल पाता', ऐसी दो हार जो द्रविड़ को आज भी खटकती है, बोले- मौका मिले तो परिणाम बदल दूं

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय बैटर और कोच राहुल द्रविड़ ने हाल ही में एक बातचीत में ऐसे दो अंतरराष्ट्रीय मैचों का जिक्र किया जिन्हें वे फिर से खेलना और परिणाम बदलना चाहते हैं। यह बातें उन्होंने रविचंद्रन अश्विन के साथ उनके यूट्यूब चैनल पर बातचीत के दौरान कहीं। अश्विन के एक साधारण से सवाल ने द्रविड़ को उन पलों की याद दिला दी, जिसके परिणाम उनकी नजर में अगर बदल जाते तो भारतीय क्रिकेट की कहानी कुछ और होती।





## बरबाडोस टेस्ट, 1997

द्रविड़ ने पहले नंबर पर 1997 में वेस्टइंडीज के खिलाफ बरबाडोस में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच को चुना। उस मैच में भारत को कठिन विकेट पर मात्र 120 रनों का लक्ष्य मिला था, लेकिन टीम 80 रन पर ऑल-आउट हो गई। द्रविड़ ने बताया कि 'पिच मुश्किल थी, लेकिन आखिरी विकेटों ने 50-60 रन जोड़ दिए होते, तो हम मैच जीत सकते थे और संभवतः सीरीज भी 1-0 की जगह जीतकर समाप्त कर सकते थे।' द्रविड़ ने कहा कि उस पूरी सीरीज के दौरान काफी बारिश का सामना करना पड़ा था और सिर्फ एक मैच ने सीरीज का फैसला किया था। भारत की दीवार ने कहा कि अगर उन्हें मौका मिले तो वह उस सीरीज के नतीजे को बदलना चाहेंगे।

## 2003 वर्ल्ड कप फाइनल

द्रविड़ की दूसरी पसंद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2003 के वनडे वर्ल्ड कप फाइनल की है। उस दिन की रणनीति, कंडीशन और विपक्षी टीम की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी भारत के खिलाफ गई। द्रविड़ ने कहा कि 'हमने टॉस में सही फैसला लिया था क्योंकि ओवरकास्ट कंडीशन था, लेकिन विपक्षी टीम का प्रदर्शन शानदार रहा।' द्रविड़ ने कहा कि वह उस मैच को उस पल को फिर से जीना चाहेंगे और मैच के परिणाम को बदलना चाहेंगे। भारत 2003 विश्व कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से 125 रनों के बड़े अंतर से हार गया था। यह राहुल द्रविड़ और सौरव गांगुली जैसे दिग्गजों की विश्व कप खिताब के सबसे करीब पहुंचने वाली टीम थी।

## बतौर कोच द्रविड़ को मिली मदद

एक खिलाड़ी और बाद में कोच रहे द्रविड़ की यह प्रतिक्रिया बताती है कि वह केवल जीत की कहानियां नहीं याद रखना चाहते, बल्कि वे उन्हीं जोखिम भरे पक्षों को भी याद रखते हैं जहां रणनीतिक बदलाव से परिणाम बदल सकता था। यह उनकी प्रतिबद्धता और आत्म-विश्लेषण की गहराई को उजागर करता है। इसने बतौर कोच द्रविड़ की काफी मदद की। उन्होंने सिर्फ व्यक्तिगत प्रदर्शन नहीं, बल्कि पूरी टीम की दिशा और रणनीतियों पर नजर रखी। यह विचारशीलता ही उन्हें एक महान खिलाड़ी और शानदार कोच बनाती है। द्रविड़ की देखरेख में भारत ने 2024 में टी20 विश्व कप जीतकर आईसीसी ट्रॉफी के 11 साल के सूखे को खत्म किया था।

# लिथुआनिया को मिला नया प्रधानमंत्री
## पूर्व मजदूर संघ नेता इंगा रुगिनिएने संभालेंगी सत्ता

**विलनियस ।** यह चुनाव उनसे पहले के प्रधानमंत्री गिंतौतास पलुकस के इस्तीफे के बाद हुआ है।

गिंतौतास पलुकस पिछले साल ही प्रधानमंत्री बने थे, लेकिन उनकी छवि लगातार सवालों में रही। जुलाई में कई मीडिया रिपोर्टों में उनके पुराने और मौजूदा कारोबारी लेन-देन पर गंभीर आरोप लगे। इसमें वित्तीय गड़बड़ी और पुराने मामलों से जुड़े आरोप शामिल थे। इन खुलासों के बाद देश की भ्रष्टाचार-रोधी और कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने आधिकारिक जांच शुरू कर दी। दबाव बढ़ने पर पलुकस ने जुलाई के अंत में पद छोड़ दिया।

इंगा रुगिनिएने मजदूर संघ परिसंघ की पूर्व प्रमुख रही हैं। पिछले साल आम चुनाव से ठीक पहले उन्होंने सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ज्वाइन की थी। इसके बाद वे पलुकस की सरकार में सामाजिक मामलों और श्रम मंत्री बनीं। अब वे सीधे प्रधानमंत्री पद तक पहुंच गई हैं। वहीं नई प्रधानमंत्री चुने जाने के बाद इंगा रुगिनिएने ने संसद से कहा, 'हमारा मकसद स्थिरता बहाल करना है और यह सुनिश्चित करना है कि सरकार वही काम करे जो जनता ने उसे सौंपा है।'



**लिथुआनिया की संसद ने मंगलवार को एक बड़ी राजनीतिक हलचल के बीच देश को नया प्रधानमंत्री दे दिया। मजदूर संघ की पूर्व नेता और 44 वर्षीय राजनेता इंगा रुगिनिएने को संसद ने 78 बनाम 35 मतों से देश का नया प्रधानमंत्री चुना**

राष्ट्रपति नौसेदा का भरोसा लिथुआनिया के राष्ट्रपति गितानस नौसेदा ने संसद में इंगा रुगिनिएने को नामित करते हुए कहा कि वे समझौते की तलाश करने वाली, रचनात्मक वातार्कार हैं। राष्ट्रपति ने उम्मीद जताई कि वह देश की राजनीति में स्थिरता लाएंगी।

### लिथुआनिया में नई गठबंधन सरकार

सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ने सोमवार को दो छोटे दलों के साथ मिलकर एक नया केंद्र-वाम गठबंधन बनाया है। संसद में इस गठबंधन के पास 141 में से 82 सीटों का मजबूत बहुमत है। इसका मतलब है कि रुगिनिएने की सरकार को स्थिरता मिलेगी और वह बाकी बचे कार्यकाल (चार साल की अवधि) तक काम कर सकेगी।

# इंडोनेशिया में सांसदों के भत्ते बढ़ाने पर बवाल, पुलिस से भिड़े छात्र

**जकार्ता ।** इंडोनेशिया में सांसदों के भत्ते बढ़ाने को लेकर हंगामा हो गया और दंगा भड़क उठा। दरअसल सांसदों के भत्ते बढ़ाने के विरोध में छात्र सड़कों पर उतरे और राजधानी जकार्ता में जब छात्र संसद भवन की तरफ बढ़ रहे थे तो पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की। जिससे पुलिस और छात्रों के बीच झड़प हो गई। छात्रों ने पुलिस पर पथराव और आगजनी की। वहीं पुलिस ने हालात को नियंत्रित करने के लिए कई राउंड आंसू गैस के गोले दागे।



इस बात पर भड़के प्रदर्शनकारी प्रदर्शनकारी हाल ही में आई उन रिपोर्टों से नाराज हैं जिनमें कहा गया है कि संसद की प्रतिनिधि सभा के 580 सदस्यों को सितंबर 2024 से प्रति माह 5 करोड़ रुपये (3,075 अमेरिकी डॉलर) का आवास भत्ता मिल रहा है। इंडोनेशिया में गरीबों के हालात को देखते हुए प्रदर्शनकारी इन भत्तों को अन्यायपूर्ण मानते हैं। जब प्रदर्शनकारियों ने संसद भवन के पास पहुंचने की कोशिश की तो पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे। प्रदर्शनकारियों ने जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस पर पत्थर और बोतलें फेंकी और कड़ी सुरक्षा वाले संसद परिसर के पास एक फ्लाईओवर के नीचे आग लगा दी।

गरीबों के मासिक वेतन से 20 गुना ज्यादा सांसदों का आवास भत्ता पुलिस अधिकारियों ने संसद भवन की ओर जाने वाली सड़कों को अवरुद्ध कर दिया, जिससे शहर में भीषण यातायात जाम हो गया। संसद परिसर की सुरक्षा के लिए 1,200 से ज्यादा सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए थे। झड़प में किसी के घायल होने की तत्काल कोई सूचना नहीं है। प्रदर्शनकारी सांसदों के वेतन से अतिरिक्त भत्तों को खत्म करने की मांग कर रहे हैं।

# सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर, द्विपक्षीय रक्षा सहयोग पर हुई चर्चा

**अल्जीयर्स ।** सेना प्रमुख (सीओएएस) जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सोमवार को अपनी आधिकारिक अल्जीरिया यात्रा के दौरान गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया और भारत और अल्जीरिया के बीच रक्षा सहयोग को और मजबूत करने को लेकर बातचीत की। जनरल द्विवेदी ने अल्जीरियाई थल सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मोस्तेफा समाली से मुलाकात की।



भारतीय सेना के जनसंपर्क निदेशालय (एडीजी-पीआई) ने एक्स पर एक पोस्ट में जानकारी दी कि जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने अल्जीयर्स स्थित थल सेना कमान मुख्यालय में गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया और फिर लेफ्टिनेंट जनरल मोस्तेफा समाली के साथ बातचीत की। बातचीत का उद्देश्य दोनों देशों की सेनाओं के बीच सहयोग को बढ़ाना, शांति और सुरक्षा के प्रति आपसी प्रतिबद्धता को मजबूत करना था।

अपनी यात्रा की शुरूआत जनरल द्विवेदी ने सोमवार को अल्जीरिया में भारत की राजदूत स्वाति विजय कुलकर्णी की ओर से आयोजित स्वागत रात्रिभोज के साथ की। इस कार्यक्रम में अल्जीरियाई गणमान्य व्यक्तियों, विभिन्न देशों के राजदूतों, रक्षा अधिकारियों, वाणिज्य मंडलों के प्रमुखों, थिंक टैंक और शिक्षाविदों ने हिस्सा लिया।

# ऑस्ट्रेलिया के ग्रामीण इलाके में गोलीबारी
## दो पुलिसकर्मियों की मौत और एक घायल

**कैनबरा ।** ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया राज्य के छोटे से कस्बे पोरेपुंका में मंगलवार को हुए गोलीकांड ने पूरे देश को झकझोर दिया। एक अज्ञात हमलावर ने पुलिस की टीम पर गोलीबारी कर दी, जिसमें दो पुलिस अधिकारियों की मौके पर मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। हमलावर अभी भी फरार है और पुलिस ने कस्बे के लोगों से घरों के अंदर रहने की अपील की है। यह घटना उस समय हुई जब पुलिस अधिकारी जांच के सिलसिले में सुबह एक प्रॉपर्टी पर पहुंचे थे। पोरेपुंका की आबादी महज एक हजार से थोड़ी ज्यादा है। मेलबर्न से करीब 320 किलोमीटर दूर इस इलाके को पर्यटक क्षेत्र के गेटवे के रूप में जाना जाता है। लेकिन मंगलवार सुबह यहां गोलीबारी की आवाजों ने दहशत फैला दी।



### तलाशी अभियान जारी

पुलिस ने तुरंत सार्वजनिक इमारतें और आसपास का एयरफील्ड बंद कर दिया। इलाके के स्कूल, जिसमें लगभग 100 छात्र पढ़ते हैं, को घंटों तक लॉकडाउन में रखा गया। इसके बाद बच्चों को घर भेजा गया। पुलिस ने लोगों से कहा कि वे कस्बे से बाहर न जाएं और अपने घरों में सुरक्षित रहें।

घायल पुलिसकर्मी की हालत विक्टोरिया की एंबुलेंस सेवा ने पुष्टि की कि गंभीर रूप से घायल अधिकारी को निचले हिस्से में चोट लगी थी। उन्हें हेलीकॉप्टर से अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। इस घटना से पुलिस विभाग और स्थानीय समुदाय में गहरा सदमा है। पुलिस फेडरेशन ऑफ ऑस्ट्रेलिया के अध्यक्ष केविन मॉर्टन ने कहा कि दो पुलिस अधिकारियों की निर्मम हत्या और एक अन्य को गंभीर रूप से घायल करने की घटना बेहद दुखद और चौंकाने वाली है।

# वियतनाम में तूफान से तीन की मौत, दक्षिण पूर्व एशिया के कई हिस्सों में भारी बारिश-बाढ़ की चेतावनी

**हनोई ।** वियतनाम में एक उष्णकटिबंधीय तूफान (ळ१ङ्क्स्रू' र३ङ्क१) के आने के बाद मंगलवार को दक्षिण-पूर्व एशिया के कुछ हिस्सों में भारी बारिश हुई। तूफान और भारी बारिश के चलते वियतनाम में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई, कई घरों को नुकसान पहुंचा और राजधानी तथा तटीय इलाकों में बाढ़ आ गई। वियतनाम की राजधानी में भी भारी बारिश हुई, जिसके चलते सड़कों पर पानी भर गया, होर्डिंग उड़ गए और बिजली के खंभे और पेड़ गिर गए। तूफान के चलते देश के मध्य क्षेत्र में 13 लोग घायल हुए और हजारों घर क्षतिग्रस्त हो गए। वियतनाम के सरकारी मीडिया ने बताया कि तूफान काजिकी के चलते अब लाओस के ऊपर एक उष्णकटिबंधीय दबाव क्षेत्र बन गए हैं। थाईलैंड और लाओस में भी बारिश का अनुमान है।



छह लाख लोगों को सुरक्षित जगह ले जाया जा रहा वियतनाम सरकार ने भारी बारिश के चलते थान होआ, क्वांग त्रि, ह्यू और दानंग प्रांतों में लगभग 600,000 लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाने की योजना बनाई है। तूफान के असर से इन इलाकों में बड़ी संख्या में घर उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में हैं। यही वजह है कि सरकार लोगों को प्रभावित इलाकों से निकाल रही है। इस काम में सरकार ने 16,500 से ज्यादा सैनिक और 107,000 अर्धसैनिक बल के जवानों को लगाया है। सोमवार को उड़ानें रोक दिए जाने के बाद थान होआ और क्वांग बिन्ह प्रांतों के दो हवाई अड्डे मंगलवार को भी बंद रहे।

तूफान और भारी बारिश से हुआ नुकसान राष्ट्रीय मौसम एजेंसी ने बताया कि काजिकी तूफान के चलते वियतनाम में 117 किलोमीटर प्रति घंटे (73 मील प्रति घंटे) की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं। मूसलाधार बारिश के कारण अचानक बाढ़ और भूस्खलन की चेतावनी जारी की गई। तूफान ने होर्डिंग और कई इमारतों की छतें उड़ा दीं, पेड़ उखड़ गए।

# गिलगित-बाल्टिस्तान में मची भारी तबाही, अचनाक आई बाढ़ से डूबे कई गांव, सरकारी मदद को तरसे लोग

**इस्लामाबाद ।** ग्लेशियर टूटने और मलबा बहने से सड़कें, खेत और घर बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। गिलगित-शांडूर रोड पूरी तरह डूब जाने के कारण कई गांव चौथे दिन भी बाहरी दुनिया से कटे हुए हैं।

स्थानीय निवासियों ने बताया कि करीब 300 घर बाढ़ की चपेट में आकर झील में समा गए। इससे पूरा इलाका बबार्दी की चपेट में है। कई परिवार अपने घर छोड़ने को मजबूर हैं और बेघर हो गए हैं। लोग बिजली, स्वच्छ पानी, इलाज और आश्रय की कमी से जूझ रहे हैं। रौशन और तिलदास गांव में शुक्रवार को आई इस तबाही ने लोगों की जिंदगी पलट दी। सात किलोमीटर लंबी झील ने खेती की जमीन डुबो दी और सड़क के बड़े हिस्से बहा दिए।



**पाकिस्तान के गिलगित-बाल्टिस्तान में पिछले हफ्ते आई ग्लेशियर और फ्लैश फ्लड ने भारी तबाही मचाई है। पाकिस्तानी न्यूज एजेंसी डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, हजारों लोग अब भी पानी, बिजली और दवाइयों जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं**

ग्लेशियर बन रहे बड़ा खतरा विशेषज्ञों का कहना है कि इस बार सिर्फ गिजर ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र में ग्लेशियर फटने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। इस सीजन में चार बड़े मामले दर्ज किए गए हैं, जिनसे घर, फसल और सड़कें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। तापमान में बढ़ोतरी को इस संकट का सबसे बड़ा कारण माना जा रहा है। बढ़ती गर्मी से ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं और अचानक झील बनने से बाढ़ जैसी तबाही बार-बार देखने को मिल रही है। भविष्य में और खतरे की चेतावनी संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय ने चेतावनी दी है कि सितंबर की शुरूआत तक मौसम की स्थिति गंभीर बनी रह सकती है। इससे और बाढ़, भूस्खलन और फसल नुकसान का खतरा है। पहले से ही प्रभावित लोग अब और भी मुश्किल हालात का सामना कर सकते हैं। राहत और पुनर्वास कार्य शुरू न होने से लोगों का गुस्सा सरकार पर लगातार बढ़ रहा है।

# ट्रंप की टैरिफ धमकियों पर जवाब देने को तैयार चीन
## पुतिन और मोदी संग एकजुटता दिखाएंगे जिनपिंग

**बीजिंग ।** यह शिखर सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है जब अमेरिका और ब्रिक्स देशों के बीच तनाव बढ़ रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार, चीन इस आयोजन को यह दिखाने के लिए उपयोग करेगा कि अमेरिका, रूस, ईरान और अब भारत को अलग-थलग करने के उसके प्रयास विफल रहे हैं। चीन-ग्लोबल साउथ प्रोजेक्ट के संपादक एरिक ओलैंडर के मुताबिक, यह सम्मेलन दुनिया को यह संदेश देगा कि अमेरिकी नेतृत्व वाली व्यवस्था अब कमजोर हो रही है और बहुध्रुवीय दुनिया तेजी से आकार ले रही है।

यह शिखर सम्मेलन भारत और चीन के लिए भी अहम माना जा रहा है। दोनों देशों के बीच लंबे समय से सीमा विवाद और तनाव रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत इस सम्मेलन के जरिए चीन के साथ रिश्तों में सुधार की दिशा में कदम बढ़ा सकता है। उम्मीद है कि इस बैठक में दोनों देश सैनिकों की वापसी और व्यापार व वीजा पाबंदियों में ढील जैसे ऐलान कर सकते हैं। यह कदम द्विपक्षीय रिश्तों को नया आयाम देने में मदद करेगा।



संगठन की चुनौतियां और अवसर शंघाई सहयोग संगठन आज 10 स्थायी और 16 पर्यवेक्षक देशों तक पहुंच चुका है। इसके बावजूद कई विशेषज्ञ मानते हैं कि संगठन की वास्तविक दृष्टि और उसके ठोस परिणाम अभी स्पष्ट नहीं हैं। तक्षशिला इंस्टीट्यूशन के मनोज किवलरामाणी का कहना है कि एससीओ किस दिशा में आगे बढ़ना चाहता है और इसके ठोस लाभ क्या होंगे, यह अभी धुंधला है। इसके बावजूद यह संगठन अमेरिका की नीतियों के खिलाफ सामूहिक हितों को सामने लाने का अहम मंच बन चुका है। नए विश्व क्रम की तैयारी इस साल का शिखर सम्मेलन 2001 में एससीओ की स्थापना के बाद अब तक का सबसे बड़ा आयोजन माना जा रहा है। चीन के विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी ने इसे नए प्रकार के अंतरराष्ट्रीय संबंधों के निर्माण में एक महत्वपूर्ण ताकत बताया। सम्मेलन से उम्मीद की जा रही है।

**ट्रंप की टैरिफ धमकियों के बीच चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन सहित कई देशों के नेताओं को शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन में आमंत्रित कर बड़ा संदेश दिया है। यह सम्मेलन 31 अगस्त से एक सितंबर तक तियानजिन, चीन में आयोजित होगा। विशेषज्ञों का मानना है कि यह आयोजन अमेरिका को उभरते नए विश्व व्यवस्था का आईना दिखाने की रणनीति का हिस्सा है**

# जेलेंस्की ने पीएम मोदी को इस बात के लिए कहा धन्यवाद, शांति के लिए भारत से जताई उम्मीद

**कीव ।** रूस और यूक्रेन के बीच तीन साल से ज्यादा समय से चल रहा संघर्ष दिन-प्रतिदिन और घातक होता जा रहा है। हालांकि अमेरिका समेत दुनियाभर के कई देश इस संघर्ष को रोकने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। इसी सिलसिले में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने मंगलवार को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यूक्रेन के स्वतंत्रता दिवस पर शुभकामनाएं देने के लिए धन्यवाद कहा। उन्होंने कहा कि भारत शांति और संवाद के लिए जो समर्थन देता है, वह सराहनीय है।

### शांति के लिए भारत से जताई उम्मीद

पीएम नरेंद्र मोदी को दिए संदेश में जेलेंस्की ने कहा कि आज जब दुनिया इस भयानक युद्ध को सम्मानजनक और स्थायी शांति के साथ समाप्त करने की कोशिश कर रही है, हम भारत के योगदान की उम्मीद करते हैं। हर वह निर्णय जो कूटनीति को मजबूत करता है न सिर्फ यूरोप बल्कि इंडो-पैसिफिक क्षेत्र और उससे भी आगे की सुरक्षा को बेहतर बनाता है।



### जेलेंस्की ने साझा किया पीएम मोदी का पत्र

इसके साथ ही यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने पीएम मोदी द्वारा भेजा गया पत्र भी साझा किया, जिसमें पीएम मोदी ने उन्हें भारत के स्वतंत्रता दिवस पर शुभकामनाएं देने के लिए धन्यवाद दिया और यूक्रेन के स्वतंत्रता दिवस पर वहां की जनता को शुभकामनाएं दीं। यूक्रेन के स्वतंत्रता दिवस पर पीएम मोदी ने यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की एक पत्र भेजकर शुभकामनाएं दी थी। पीएम मोदी ने अपने पत्र में लिखा कि मैं आपको और यूक्रेन की जनता को आपके स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।